अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित
वर्ष : 15 अंक 188 लखनऊ, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नये रिकार्ड : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद धर्म और विकास विरोधी, हर जगह डालते हैं बाधा: सतुआ बाबा

प्रयागराज। मौनी अमावस्या के दिन से शुरू हुए विवाद पर गुरुवार को जगतगुरू सतुआ बाबा संतोषदास ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की कटु निंदा की। उन्होंने कहा कि वे धार्मिक कार्यों एवं विकास में बांधा डालने पहुंचते हैं। माघ मेला अध्यात्म जगत का सूर्य एवं ध्वज है। पूरा विश्व इस माघ मेले की आध्यात्मिक ऊर्जा पाने के लिए तरसता है। गुरुवार को जगतगुरू सतुआ बाबा संतोषदास के प्रतिनिधि ने बात की। इस दौरान सतुआ बाबा ने कहा कि यह निश्चित है कि यहां कल्पवासी एवं साधु संत निवास करते हैं, लेकिन जिस तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपने आप हठपूर्वक यहां सनातन को तोड़ने काम करने के साथ ही आमजन में भ्रांतियां डाल रहे हैं। लोगों में अध्यात्म जगत के संदेश को बिगाड़ने में लगे हुए हैं। ठीक है, विवाद होते हैं, मतभेद होते हैं, लेकिन वे गोरक्ष पीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, जो प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, उन्हें हुमायूं की औलाद कह रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने लॉन्च की ईसीआईनेट ऐप, एक जगह मिलेगी सभी सुविधाएं

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को अपनी 40 से अधिक विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन सुविधा मुहैया करने वाली ऐप्स को एक साथ जोड़ते हुए बनाई गई ईसीआईनेट एप्लीकेशन को औपचारिक तौर पर लॉन्च कर दिया। दिल्ली में लोकतांत्रिक देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में ऐप को औपचारिक तौर पर लॉन्च किया गया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दुनिया के चुनाव प्रबंधन निकायों को भारत की पहल का लाभ उठाने के लिए भी आमंत्रित किया।

# धर्म की आड़ में सनातन को कमजोर कर रहे कालनेमि : सीएम योगी

● संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढक़र कुछ भी नहीं

एजेंसी



चंडीगढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ कालनेमि धर्म की आड़ में सनातन धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सचेत रहने की जरूरत है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरियाणा के सोनीपत स्थित बाबा नागे धाम में सिद्ध बाबा बुद्धनाथ महाराज एवं अन्य सिद्ध योगियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बगैर किसी का नाम लिए कहा कि सनातन धर्म बहुत विशाल है। इसे कमजोर करने वाली ताकतों से सचेत रहते हुए आगे बढ़ने की जरूरत है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है। अगर कोई राष्ट्र के स्वाभिमान को चुनौती देता है तो हमें खुलकर उसके सामने खड़ा होना चाहिए। धर्म केवल वेश या शब्दों में नहीं, बल्कि आचरण में दिखाई देना चाहिए। उन्होने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

### आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व नैतिक शक्ति से सशक्त होगा भारत : योगी आदित्यनाथ

सोनीपत। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों से ही सशक्त है। संतों और सिद्ध योगियों का सान्निध्य समाज को सत्य, सेवा और समरसता के मार्ग पर अग्रसर करता है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को हरियाणा के सोनीपत जिले के मुरथल स्थित बाबा नागे धाम में सिद्ध बाबा बुद्धनाथ महाराज एवं अन्य सिद्ध योगियों की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, तपस्या, साधना और सेवा की उस अविरल परंपरा का जीवंत प्रमाण है, जिसने सदियों से समाज को दिशा दी है।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 10 हजार किमी से अधिक ग्रामीण सड़क निर्माण को मंजूरी

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-ऋ (पीएमजीएसवाई -IV) के तहत जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में 10,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है।

इन सड़कों के बनने से देश के करीब 3,270 गांव और बस्तियों को पहली बार पक्की सड़क की सुविधा मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को एक्स पर साझा की गई जानकारी में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पीएमजीएसवाई ग्रामीण भारत की कनेक्टिविटी को विस्तार देने का सशक्त माध्यम बनी है। पीएमजीएसवाई -IV के तहत 10,000 किलोमीटर से अधिक सड़क परियोजनाओं को मिली स्वीकृति ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन स्वीकृत परियोजनाओं से जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, सिक्किम और हिमाचल प्रदेश की लगभग 3270 असंबद्ध बसावटों का पक्की सड़क से जुड़ जाने से ग्रामीणों को विकास के विभिन्न संसाधनों का लाभ मिलना आसान होगा।

## डोडा में सेना का वाहन खाई में गिरने से 10 जवान बलिदान, 9 घायल

एजेंसी



डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर खंटॉप इलाके में गुरुवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिससे 10 जवान बलिदान हो गए, जबकि नौ अन्य घायल हो गए।

अधिकारियों ने कहा कि सेना के जवानों को लेकर सेना का कैस्पर वाहन एक ऊंचाई वाली चौकी की ओर जा रहा था, तभी उसके चालक ने नियंत्रण खो दिया और वाहन 400 फुट गहरी खाई में गिर गया। सेना और पुलिस ने तुरंत संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया, तो 10 सैनिकों के शव पाए गए। नौ अन्य सैनिकों को घायल हालत में बचाया गया, जिसमें तीन जवानों को गंभीर चोटें आई हैं। तीनों जवानों को एयरलिफ्ट करके उधमपुर के आर्मी कमांड हॉस्पिटल ले जाया गया। 6 अन्य लोगों पर नज़र रखी जा रही है, उनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

इस बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। उन्होंने कहा कि डोडा में एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के 10 बहादुर जवानों की मृत्यु से मैं अत्यंत दुखी हूं। हम अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर लिखा कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में डोडा के आसपास के इलाके में खराब मौसम और दुर्गम रास्तों पर चलते हुए एक सैन्य वाहन सड़क से फिसल गया। इस दुर्घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिनमें से कुछ की मृत्यु हो गई है। घायलों को आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

### मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजा दूसरा नोटिस

प्रयागराज। मौनी अमावस्या को माघ मेला में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के गंगा स्नान को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज को दूसरी नोटिस भेजकर चेतावनी दी गई है कि यदि 24 घंटे में समुचित जवाब नहीं दिया गया तो मेला प्राधिकरण की ओर से दी गई सुविधाएं निरस्त कर दी जाएंगी और आप का प्रवेश मेला क्षेत्र में सदैव के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगी सरकार ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि मेला प्रशासन से जारी की एक और नोटिस से शंकराचार्य के भक्तों में आक्रोश व्याप्त है।

## म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर फंसे भारतीय, औवेसी ने उठाया मुद्दा

एजेंसी

नई दिल्ली। रोज़गार के नाम पर धोखाधड़ी करके ले जाये गये 16 भारतीयों को थाईलैंड-म्यांमार सीमा पर किसी जगह बंधक बना कर बंधुआ मजदूरी कराये जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लमीन (एआईएमआईएम) के नेता असद्दुदीन औवेसी ने गुरुवार को एक्स पर अपने हैंडल पर यह जानकारी दी और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अनुरोध किया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करेंऔर सभी भारतीय नागरिकों की वापसी सुनिश्चित करायें।

ओवैसी ने एक्स हैंडल पर लिखा कि उन्हें एक दुखद समाचार मिला है कि हैदराबाद के तीन व्यक्तियों सहित



16 भारतीय नागरिक म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर किसी जगह कैद में है। इन्हें नौकरी का वादा देकर थाईलैंड ले जाने के बहाने यहां लाया गया था। वहां इनसे जबरन 18 से 20 घंटे काम कराया जा रहा है। उन्हें शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है। उनका पासपोर्ट और फोन छीन लिया गया है और मेडिकल सुविधाओं से उन्हें वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकारी सज्जाद अली से मिली है।

### छत्तीसगढ़ के स्पंज आयरन प्लांट विस्फोट में छह लोगों की मौत, पांच गंभीर

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के बकुलाही इलाके में स्थित स्पंज आयरन प्लांट (रियल इस्पात कंपनी) में हुए विस्फोट में 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। मृतक बिहार के रहने वाले हैं। फैक्टरी नितेश अग्रवाल की बताई जा रही है। कंपनी ने मृतकों के परिजनों को 20 लाख और घायलों को पांच लाख मुआवजा देने की घोषणा की है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों को श्रद्धांजलि दी तथा घटना की जांच के आदेश दिया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि बकुलाही क्षेत्र में रियल इस्पात कंपनी में सुबह करीब 9:40 बजे बड़ा हादसा हुआ।

## भारत-यूरोप एफटीए, दुनिया को दिला सकता है अनिश्चितता से निजात : जयशंकर

● डॉ. एस. जयशंकर ने ईयू के 27 सदस्य देशों के राजदूतों के साथ की मुलाकात

एजेंसी



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यूरोपीय संघ के नेताओं की भारत यात्रा के पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ईयू के 27 सदस्य देशों के राजदूतों के साथ मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि भारत और ईयू के बीच मजबूत सहयोग, वैश्विक व्यापार, आवागमन और सुरक्षा साझीदारी के माध्यम से वैश्विक व्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने में सक्षम है। विदेश मंत्री ने एक्स पर इस अहम बैठक की जानकारी को साझा करते हुए कहा कि आज यूरोपीय देशों (ईयू) के राजदूतों के साथ के अभूतपूर्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रही इस दुनिया में भारत-ईयू आर्थिक साझीदारी के बारे में महत्वपूर्ण चर्चा की। इस दौरान उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता बताई। उन्होंने राजदूतों को बताया कि दोनों पक्षों के बीच घनिष्ठ सहयोग वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिममुक्त करने में अहम भूमिका निभा सकता है। लचीली और भरोसेमंद आपूर्ति शृंखलाओं पर साझेदारी के माध्यम से वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को कम किया जा सकता है।

जयशंकर ने आगे कहा कि दोनों पक्ष मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर), समुद्री डकैती विरोधी अभियानों तथा विकास परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक हित के प्रयासों के जरिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भरोसा दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच घनिष्ठ साझीदारी से आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक लचीला एवं टिकाऊ बनाया जा सकता है तथा व्यापार, आवागमन व सुरक्षा सहयोग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता लाई जा सकती है। विदेश मंत्री से मुलाकात में ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, यूनान, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लात्विया, लिथुआनिया, लक्ज़मबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन के राजदूत शामिल थे।

## रिफंड और मुआवजे के मामले में हाई कोर्ट ने इंडिगो से मांगा हलफनामा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिसंबर, 2025 में बड़े पैमाने पर फ्लाइट्स के रद्द होने के मामले पर सुनवाई करते हुए इंडिगो को यात्रियों को रिफंड और मुआवजे देने के मामले पर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुनवाई के दौरान गुरुवार को इंडिगो के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि रिफंड और मुआवजे के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए एक अलग से वेबसाइट शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि जो



उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हुईं उनके यात्रियों को 10 हजार का वाउचर और ऑफर किया जा रहा है। उस वाउचर की वैधता 12 महीने की होगी।

सुनवाई के दौरान नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) चेतन शर्मा ने कहा कि महानिदेशालय ने इस घटना के बाद ठोस कदम उठाया है। महानिदेशालय ने इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को हटाने को कहा गया। इसके अलावा महानिदेशालय ने इंडिगो पर 22 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है। उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर, 2025 को इंडिगो से जुड़े संकट मामले में संज्ञान लिया था। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने इंडिगो पर सवाल उठाते हुए कहा था कि फ्लाइट ड्यूटी लिमिटेशन का पालन सुनिश्चित करने के लिए इंडिगो द्वारा उठाए जाने वाले उपायों में से एक पर्याप्त संख्या में पायलटों की नियुक्ति होनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा लगता है कि इंडिगो ने समय रहते आवश्यक संख्या में पायलटों की नियुक्ति नहीं किया, जिससे फ्लाइट ड्यूटी लिमिटेशन का अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

## गरीबों, कमजोर तबकों के हक पर हमला है 'वीबी- जी राम जी' : कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह पर लाए गए विकसित भारत- रोज़गार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबीऽ जी राम जी अधिनियम को ग्रामीण भारत के गरीबों और कमजोर तबकों पर हमला करार दिया है।

पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को जवाहर भवन में आयोजित राष्ट्रीय मनरेगा मजदूर सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस के मुताबिक सम्मेलन में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक और कार्यकर्ता



शामिल हुए। सम्मेलन में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र की मिट्टी भी साथ लाए। इन मिट्टियों को मिलाकर जवाहर भवन परिसर में एक पौधा लगाया गया, जिसे मनरेगा और मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक बताया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे।

राहुल ने कहा कि मनरेगा को किसी योजना की तरह नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार के रूप में तैयार किया गया था। इसका मकसद था कि जिसे काम चाहिए, उसे सम्मानजनक काम मिले। पंचायत स्तर से योजना चलाई जाए और हर गरीब को रोजगार का अधिकार मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इस अधिकार को खत्म करना चाहती है।

● वीबी- जी राम-जी गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर हमला : राहुल

उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ल्लअधिकारङ्क शब्द से परेशान हैं और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने की बजाय उन्हें आश्रित बनाना चाहते हैं। किसानों के खिलाफ लाए गए तीन काले कानूनों को किसानों ने मिलकर रद्द करवाया था, उसी तरह मजदूरों को भी एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करना होगा।

राहुल ने आरोप लगाया कि वीबी- जी राम-जी गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर हमला है। केंद्र सरकार तय करेगी कि किस राज्य को कितना पैसा मिलेगा। सरकार भाजपा शासित राज्यों को ज्यादा और विपक्ष शासित राज्यों को कम पैसा देगी। यह भी केंद्र ही तय करेगा कि कब और कहां काम होगा, किसे कितनी मजदूरी मिलेगी। मजदूरों के अधिकार अब ठेकेदारों को सौंपे जा रहे हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई लंबी है और इसे केवल नारे लगाकर नहीं जीता जा सकता। जब तक सरकार नया कानून वापस नहीं लेती और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं करती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। मनरेगा को खत्म कर सरकार ने ग्रामीण भारत के गरीबों और कमजोर तबकों पर हमला किया है। मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाना चाहती है।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अनुच्छेद 41 के तहत जनता को काम का अधिकार, भोजन सुरक्षा का अधिकार, शिक्षा का अधिकार और सूचना का अधिकार दिया था लेकिन आज सरकार इन अधिकारों को छीनने पर आमादा है। अगर जनता इस आंदोलन में योगदान नहीं देगी तो वह अपना हक खो बैठेगी। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने 10 जनवरी से 45 दिन का देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया है। पार्टी की मांग है कि वीबी- जी राम जी कानून वापस लिया जाए, मनरेगा को उसके अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जाए।

## विकासखंड गोमती नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन आज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सकल सनातन समाज के तत्वावधान में दिनांक 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को विकासखंड 5, गोमती नगर में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन सामाजिक? सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रबोध एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अपराह्न 3:30 बजे त्रिवेणी कला संगम द्वारा सांस्कृतिक अनुष्ठान से होगा, जबकि 4:00 बजे से मुख्य सम्मेलन प्रारंभ होगा। सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित संत, विचारक, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. पंकज पटवा तथा मुख्य अतिथि महंत श्री राजूदास जी महाराज (हनुमान गढ़ी, अयोध्या धाम) एवं विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र योगी जी (मथुरा) महिला शक्ति प्रतिनिधि चित्रा शुक्ला रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश सिंह रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, दीप प्रज्वलन, अतिथि वक्तव्य, पारितोषिक वितरण, नृत्य सम्मान एवं भारत माता की आरती के कार्यक्रम भी रहेंगे।

# उप्र में निवेश के नए युग का आगाज, एमओयू से ग्राउंड ब्रेकिंग तक ऐतिहासिक प्रगति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते पौने नौ वर्षों में विकास की वह यात्रा तय की है, जो वर्ष 2017 से पहले कल्पना से परे थी। एक समय निवेशकों के लिए अविश्वसनीय माना जाने वाला प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन चुका है। वर्ष 2018 की पहली इन्वेस्टर्स समिट से लेकर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक योगी सरकार ने निवेश को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्राउंड ब्रेकिंग और क्रियान्वयन के मजबूत मॉडल के जरिए उसे धरातल पर उतारा। प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जिनमें से हजारों परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से संचालित होकर लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं। यह जानकारी राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने गुरूवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान, डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर नीति,

- इन्वेस्टर्स समिट, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और चार ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों से यूपी बना देश का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य

आईटी-आईटीईएस, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में किए गए सुनियोजित प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से निकालकर भारत के औद्योगिक विकास का अगुआ बना दिया है। कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णयों के साथ योगी सरकार ने यह साबित किया है कि उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि संभावनाओं को परिणाम में परिवर्तित करने वाला राज्य है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान कमजोर कानून-व्यवस्था, निवेशकों की उदासीनता और अधूरी परियोजनाओं से जुड़ी थी। उद्योग लगाने में वर्षों लग जाते थे, फाइलें दफ्तरों में अटकी रहती थीं और रोजगार की तलाश में युवा प्रदेश से बाहर पलायन करने को मजबूर थे। इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क और आधुनिक लॉजिस्टिक्स की कमी ने राज्य की अर्थव्यवस्था को जकड़ रखा था। वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता दी। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस', 'इन्वेस्ट यूपी' और 'निवेश सारथी' जैसे प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों का भरोसा लौटाया। वर्ष 2018 की इन्वेस्टर्स समिट से शुरू हुई यह यात्रा 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों तक पहुंची है और अब भी निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि निवेश सिर्फ एमओयू तक सीमित नहीं रहे। अब तक चार ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों के जरिए 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 16,000 से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है। इनमें 8,300 से



अधिक परियोजनाओं का व्यावसायिक संचालन प्रारंभ हो चुका है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है।

योगी सरकार की औद्योगिक नीति ने कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित रहने के बजाय सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, प्लास्टिक, परफ्यूम, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विविध क्षेत्रों को समान रूप से बढ़ावा दिया। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर क्लस्टर, फूड पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री मॉडल ने छोटे-मध्यम निवेशकों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। आज देश के 65 प्रतिशत से अधिक मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बन रहे हैं और लखनऊ-नोएडा जैसे शहर उभरते टेक हब बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ उत्तर प्रदेश ने योजना, भूमि उपयोग और परियोजना क्रियान्वयन को एकीकृत किया। एक्सप्रेसवे-आधारित औद्योगिक क्लस्टर, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब, ट्रांस-गंगा सिटी और ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र ने राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन इकोनॉमी की दिशा में अग्रसर किया। जिला स्तर तक डेटा-आधारित योजना आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर, ब्रह्मोस इंटीग्रेशन सुविधा, अदानी डिफेंस जैसी मेगा यूनिट्स ने राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा उत्पादन का केंद्र बनाया। वहीं डेटा सेंटर नीति, आईटी-आईटीईएस विस्तार और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के जरिए उत्तर प्रदेश डिजिटल और नॉलेज इकॉनमी का नया हब बन रहा है। यह बदलाव केवल निवेश नहीं, बल्कि भविष्य की नौकरियों और तकनीकी नेतृत्व का आधार है। बुंदेलखंड, पूर्वांचल व तराई क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों की स्थापना साबित करती है कि योगी सरकार का विकास मॉडल केवल पश्चिमी यूपी तक सीमित नहीं। वर्ष 2017 के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के साथ औद्योगिकीकरण साकार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, सख्त प्रशासन और स्पष्ट विजन से किसी भी राज्य की तस्वीर बदली जा सकती है। यूपी अब बीते कल की चुनौतियों में नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं में जी रहा है। एक ऐसा प्रदेश, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने को तैयार है।

## गारमेंट इंडस्ट्री का नया केंद्र यमुना एक्सप्रेस-वे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र को निर्यात आधारित औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा के सेक्टर-29 में 175 एकड़ में अपैरल पार्क विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना प्रदेश को गारमेंट इंडस्ट्री के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। अपैरल पार्क के विकास से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और उनके सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। यह परियोजना प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के अनुरूप है। राज्य सरकार के 'मेक इन यूपी' और भारत सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' अभियानों को भी मजबूती मिलेगी। सेक्टर-29 का अपैरल पार्क विशेष रूप से रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी निर्यात इकाइयों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। लगभग 100 उत्पादन आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जो घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए भी परिधान तैयार करेंगी। अपैरल पार्क को क्लस्टर मॉडल पर विकसित किया जा रहा है, जिससे कि उद्योगों को साझा सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। अपैरल पार्क की लोकेशन को रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह क्षेत्र यमुना एक्सप्रेस-वे से सीधे जुड़ा हुआ है और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास स्थित है। एयरपोर्ट के संचालन के बाद गारमेंट उत्पादों के निर्यात को नई गति मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर से निकटता के कारण लॉजिस्टिक्स से जुड़ी लागत कम होगी और निर्यातकों को समय पर डिलीवरी की सुविधा मिलेगी, जो निर्यातकों के लिए बहुत जरुरी है। अपैरल पार्क में 'कॉमन फैसिलिटी सेंटर' विकसित किया जाएगा। इसमें डिजाइन सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, यूनिट टेस्टिंग लैब और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़ी सुविधाएं शामिल होंगी। रिसर्च एंड डेवलपमेंट आरएंडडी सेंटर, मार्केटिंग सपोर्ट सिस्टम आदि की भी सुविधाएं निर्यातक इकाइयों को दी जाएंगी। सरकार का उद्देश्य और प्रयास है कि छोटे और मध्यम उद्यमों को अलग-अलग महंगे इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश न करना पड़े और वे साझा संसाधनों का उपयोग कर इसका लाभ उठा सकें।

## हुसैनाबाद फूड कोर्ट सील बकाया न जमा होने पर एलडीए का एक्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हुसैनाबाद स्थित फूड कोर्ट को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने गुरुवार को सील कर दिया। यह कार्रवाई लगातार दो वर्षों से लीज की राशि जमा न किए जाने के कारण की गई। प्राधिकरण की ओर से कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निजी संस्था की ओर से न तो बकाया जमा किया गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया। एलडीए अधिकारियों के अनुसार, हुसैनाबाद फूड कोर्ट का निर्माण करीब 9.75 करोड़ रुपए की लागत से किया गया था। इसे एक निजी संस्था को 75 लाख रुपए वार्षिक लीज पर दिया गया था, लेकिन संस्था ने दो वर्षों से प्राधिकरण का राजस्व जमा नहीं किया, जिससे लगातार वित्तीय नुकसान हो रहा था। फूड कोर्ट के ग्राउंड फ्लोर पर शहर के पांच नामचीन रेस्टोरेंट संचालित हो रहे थे। प्रथम तल पर गोल्डन सैफरॉन रेस्टोरेंट और टेरेस पर रूमी कैफ़े संचालित था।

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर दिल्ली जा रही बस में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

- पुलिस और दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनपद के मथुरा के राया स्थित यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह बांदा से दिल्ली जा रही बस में आग लग गई। बस में 35-40 यात्री सवार थे। चालक ने बस को रोक दी। अफरातफरी के बीच कुछ यात्री खिड़की दरवाजे तोड़कर बाहर आए। सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। इस हादसे की वजह से एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया।



मथुरा जिले के राया के यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह लगभग पांच बजे चलती एक बस में अचानक आग लग गई। स्लीपर बस (UP 90 AT 8837) बांदा से दिल्ली जा रही थी। बस में आग लगते ही यात्रियों में अफरातफरी मच गई। चीख पुकार मचने लगी। हालात देख कर बस के चालक ने बस को सड़क किनारे रोक दिया और अफरातफरी के माहौल में यात्री जैसे तैसे सुरक्षित बाहर निकले। इनमें बच्चे और महिलाएं भी थीं। कई यात्री खिड़की और दरवाजे से कूद कर बाहर निकले। एक बस यात्री ने ही बस में आग लगने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और यमुना एक्सप्रेसवे की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति संभाली। बस में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दमकल कर्मियों ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी रवि भूषण शर्मा ने बताया हादसा गुरुवार सुबह 5.15 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे के राया थाना क्षेत्र में हुआ। स्लीपर बस (UP 90 AT 8837) बांदा से दिल्ली जा रही थी। इसमें 10 महिलाओं और 10 बच्चों समेत 30 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया शुरुआती जांच में आग लगने का कारण टायर फटना बताया जा रहा है। सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें दूसरी बस में बैठाकर भेज दिया गया है।

## यूपी की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान, विशिष्ट अतिथि के रूप गणतंत्र दिवस परेड में होंगी शामिल

लखनऊ। नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं श्लखपति दीदीश बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। केशव मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

## एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने उद्योग में बनाई बढ़त

**लखनऊ।** गर्मियों के पीक सीजन से पहले एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड सबसे भरोसेमंद ब्रांड ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल है। एलजीईआईएल की यह अग्रिम पहल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके। संजय चितकारा, को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा जैसे-जैसे भारत सख्त ऊर्ज़ा दक्षता मानकों की ओर बढ़ रहा है, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड इस बदलाव को शुरुआती अनुपालन और भविष्य के लिए तैयार उत्पाद नवाचार के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। नए बीईई मानकों के अनुरूप पहले से तैयार हमारे पोर्टफोलियो के साथ, एलजीईआईएल नए सीजन में पूरी तरह तैयार है कि वह अपने उपभोक्ताओं को भरोसेमंद, ऊर्ज़ा-कुशल एयर कंडीशनिंग समाधान प्रदान करे, जो बेहतर कूलिंग के साथ-साथ उन्हें पैसे की बचत भी कराए। नए बीईई मानक ऊर्ज़ा दक्षता के स्तर में एक बड़ा बदलाव दर्शाते हैं, जिससे पूरे उद्योग के लिए मानक और ऊंचे हो गए हैं और भारत को वैश्विक ऊर्ज़ा प्रदर्शन मानकों के अनुरूप लाया गया है। एलजीईआईएल ने अपने पोर्टफोलियो को पहले ही अपग्रेड कर लिया है, जो उसकी स्थिरता और जिम्मेदार उत्पाद विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2026 लाइनअप की मुख्य विशेषताएं: बेहतर ऊर्ज़ा बचतरू नए मानक घरेलू स्तर पर बिजली की खपत को काफी कम करने के लिए बनाए गए हैं।

## संतों का अपमान हुआ तो सपा साथ खड़ी रहेगीः अखिलेश यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डॉ. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बढ़ा रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का



हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ति की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही हैं। ऐसे में समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे जनेश्वर मिश्र, डॉ. लोहिया, बाबा साहब और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें। इस दौरान अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि हम सभी ने देखा है कि जब वह योग कर रहे थे तो एक टांग पर लड़खड़ा रहे थे, क्या आप लोग उन्हें योगी कहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग, वे लोग हैं जब उन्हें लगता है कि धर्म के आधार पर वोट नहीं मिल सकता है, सनातन के रास्ते से वोट नहीं मिल सकता है तो इस तरह का कार्य करते हैं।

## 'शंकराचार्य का अपमान, नही सहेगा हिंदुस्तान, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में सपा ने लगाए पोस्टर

लखनऊ। प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर घटित घटना के विरोध में समाजवादी पार्टी (सपा) मैदान में उतर आई है। पार्टी कार्यालय के बाहर अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह ने पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर 'शंकराचार्य का अपमान, नही सहेगा हिंदुस्तान लिख कर समर्थन दिया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। भाजपा को घेरने के लिए अखिलेश यादव कोई मौका नही चूक रहे हैं। अभी दो दिन पहले ही फोन पर शंकराचार्य से बात कर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने की बात कही गई थी। इसी क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शंकराचार्य से प्रयागराज माघ मेले में मुलाकात की थी। एक दिन पूर्व अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा था कि यदि कोई अधिकारी शंकराचार्य से परिचय और प्रमाण-पत्र मांग रहा है, तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता है। भाजपा सरकार ने सनातन धर्म, शंकराचार्य, साधु-संतों, माघ मेला और देश का अपमान किया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने शंकराचार्य और साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार किया है। भाजपा को अधिकारियों के माध्यम से ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सरकार देश का संविधान, कानून, भाईचारा और परम्परा तोड़ रही है। इस सरकार में किसी के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं हो रहा है।

## एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने कॉक्लियर इम्प्लांट कर युवक की श्रवण शक्ति लौटायी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार करते हुए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) लखनऊ के चिकित्सकों की एक टीम ने एक ऐसे युवक पर सफलता पूर्वक अत्याधुनिक कॉक्लियर इम्प्लांट किया है, जिसने एक भीषण सड़क दुर्घटना में अपनी श्रवण शक्ति पूरी तरह खो दी थी। 23 वर्षीय युवक को चोट के बाद दोनों कानों मे गंभीर श्रवण हानि हुई थी, जिसमें उसका बायां भीतरी कान पूरी तरह से नष्ट हो गया था और दायां कान फ्रैक्चर हो गया था। चंडीगढ़ के पीजीआईएमईआर के प्रोफ़ेसर रमनदीप के परामर्श से दाहिने कान की स्थिति की पुष्टि करने के लिए एक विशेष नैदानिक परीक्षण किया गया। इसके बाद सर्जरी का मार्ग प्रशस्त हुआ।



एसजीपीजीआई, लखनऊ की न्यूरोऑटोलॉजी टीम ने डॉ. एम. रवि शंकर के नेतृत्व में, जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में जटिल कॉक्लियर इम्प्लांट प्रक्रिया को अंजाम दिया। सर्जरी में अत्याधुनिक तकनीक के इम्प्लांट प्रोसेसर का उपयोग किया गया, जो लगभग सामान्य वाक कोडिंग प्रदान करने में सक्षम है, जिससे रोगी को स्पष्ट रूप से बात को समझने का सर्वोत्तम संभव अवसर मिलता है। इस तकनीक का प्रयोग उत्तर प्रदेश में पहली बार किया गया। डिवाइस को आज सफलता पूर्वक सक्रिय कर दिया गया। रोगी ने ध्वनि के प्रति तत्काल सकारात्मक प्रतिक्रिया दिखाई, जो उसकी श्रवण शक्ति में वापसी की दिशा में एक विजयी मील का पत्थर है। पीजीआईएमईआर, चंडीगढ की पारुल और एसजीपीजीआई, लखनऊ की ऑडियोलॉजी टीम, जिसमें आद्या, कीर्ति और मंगल शामिल थे, ने इस प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस प्रक्रिया में विशेष ऑडियोलॉजी विशेषज्ञों, माथुर और शिवांगी का भी सहयोग रहा। डॉ. एम. रवि शंकर ने बताया कि कॉक्लियर इम्प्लांट इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं, जो आंतरिक कान के क्षतिग्रस्त हिस्सों को बाईपास करके सीधे श्रवण तंत्रिका को उत्तेजित करते हैं। अब यह युवक गहन श्रवण पुनर्वास शुरू करने के लिए तैयार है।

## हिन्दू राष्ट्र के संकल्प के साथ निकाली गयी हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा

- पुलिस प्रशासन ने हनुमान सेतु पहुंचने से पहले ही गुलाचीन मन्दिर पर रोकी यात्रा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर आज देश को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने व लखनऊ के नाम को बदलकर लक्ष्मणपुरी किये जाने की मांग को लेकर निकाली जा रही हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा को पुलिस प्रशासन ने गंतव्य स्थान हनुमान सेतु पहुंचने से पहले ही गुलाचीन मन्दिर कुर्सी रोड पर ही रोक दी। जहां पर यात्रा में शामिल लोगों ने वहीं रूककर गुलाचीन मन्दिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने और लखनऊ का नाम बदलकर भगवान श्रीराम के भाई श्री लक्ष्मण जी के नाम से लक्ष्मणपुरी करने का संकल्प लिया। इससे पहले इस यात्रा को प्रातः दस बजे कुर्सी रोड स्थित अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय से मुख्य अतिथि विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान व अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। अयोध्या में भगवान श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभवसर पर शुरू की गयी यह यात्रा पिछले वर्ष शुरू की गयी थी। युवा नेता आयुष्मान त्रिवेदी के नेतृत्व में निकाली गयी हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय कुर्सी रोड समक्ष इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से लगभग अपराह्न 12 बजे से प्रारम्भ होकर गुडम्बा, टेढ़ी पुलिया होते हुये अपने गंतव्य स्थान हनुमान सेतु के लिये आगे बढ़ रही थी और गुलाचीन मन्दिर पहुंचते हुये वहां पहले से मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने यात्रा को आगे जाने से रोक दिया और यात्रा को वहीं समाप्त करने को कहा, जिस पर काफी कहने-सुनने के बाद यात्रा के आयोजकों ने गुलाचीन मन्दिर पर ही यात्रा को समाप्त कर दिया। इस यात्रा में सैकड़ों दुपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ हजारों के संख्या में विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े सनातनी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

## छत पर सोलर पैनल लगाओ तभी मिलेगा वेतन, यूपी के मऊ में बेसिक शिक्षा विभाग का नया फरमान

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्यघर,सौर योजना के तहत जिलों में शिक्षकों के घरों पर सोलर पैनल लगाए जाने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) मऊ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों से व्यक्तिगत संपर्क कर सोलर लगाए जाने की शत-प्रतिशत सूचना प्रमाणपत्र तत्काल उपलब्ध कराएं।

वहीं पैनल न लगवाने वाले शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा। मऊ के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय के स्तर से जारी पत्र में कहा गया है कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार योजना के अंतर्गत प्रत्येक शिक्षक के घर सोलर लगाए जाने थे, लेकिन अब तक सभी शिक्षकों के घर सोलर लगने संबंधी पूरी रिपोर्ट प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसे उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना माना गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिम ट्रेनर एवं कम्प्यूटर आपरेटर के सम्बन्ध मे जिला खेल प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि फर्म का चयन कर आउटसोर्सिगं के माध्यम से कम्प्यूटर आपरेटर का चयन पारदर्शिता के आधार पर किया जाये। बैठक मे जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ाधिकारी मंजू शर्मा से समिति के विस्तारीकरण तथा स्टेडियम मे व्यवस्थाओं के सम्बन्ध मे जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसी क्रम में गुरूवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उन्होने 24 आयुष चिकित्सालय के प्रस्ताव के सम्बन्ध मे क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 आशा रावत से जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पतालों मे दवाओं की




उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने आरोग्य मन्दिर के बारे मे जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने होमोपैथिक, चिकित्सकों से वार्ता की तथा निर्देश दिये कि गोद लिये गये स्कूलो व आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले बच्चों का परीक्षण करें और बच्चों को दवायें उपलब्ध करायेंए तथा 03 महीनों मे बच्चों मे क्या इम्प्रूवमेंट हुआ हैए इसकी मानीटरिगं की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अस्पतालों मे हर्बल गार्डेन बनाया जायेए तथा उसकी देखरेख की जाये। बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 आशा रावत सहित सभी चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

# आज अचानक बिजली कटती है तो घबराए नही, होगी मॉक ड्रिल




मार्क ड्रिल की सफलता हेतु तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश दिवस–2026 एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर जनपद कन्नौज में आज 23 जनवरी को ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरितए समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया की तैयारी को परखना तथा जनसामान्य को जागरूक करना है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन दिनांक 23 जनवरी 2026 को पुलिस लाइन, कन्नौज में अपरान्ह 4 बजे से 5 बजे तक प्रथम चरणए एवं 5 बजे से 6 बजे तक द्वितीय चरण के साथ ही सायं 6 बजे चिन्हित स्थलों पर पूर्ण ब्लैक आउट के रूप में किया जाएगा। निर्धारित समय पर हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक ऊँची–नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा। सायरन बजते ही चिन्हित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित कर पूर्ण ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टरों में शरण ली जाएगी। खतरा समाप्त होने पर **'ऑल क्लीयर'** सायरन बजाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग पर नियंत्रण हेतु फायर एक्सटिंग्विशर का प्रयोग किया जाएगा तथा अग्निशमन विभाग द्वारा फायर टेंडर के माध्यम से बड़ी आग बुझाने का अभ्यास किया जाएगा। घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाएगा तथा ध्वस्त अथवा क्षतिग्रस्त भवनों में फँसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभ्यास पूरी गंभीरता, अनुशासन एवं वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप किया जाए। पुलिस विभाग को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस व चिकित्सा शिविर, पशुपालन विभाग को पशुओं के उपचार एवं आश्रय, नगर पालिका व पंचायती राज विभाग को पेयजल, स्वच्छता एवं मोबाइल शौचालय, विद्युत विभाग को निर्धारित समय पर ब्लैक आउट एवं त्वरित विद्युत बहाली, अग्निशमन विभाग को आग नियंत्रण प्रदर्शन तथा परिवहन विभाग को सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस, पीआरडी, नेहरू युवा केन्द्र एवं नागरिक सुरक्षा कोर के समस्त वार्डेन (चीफ वार्डेन, डिप्टी चीफ वार्डेन, डिविजनल एवं समस्त सेक्टर वार्डेन) के स्वयंसेवकों को आपदा मित्र सुरक्षा किट के साथ सहभागिता करने एवं आम जन मानस को ब्लैक आउट के दौरान क्या करें, क्या न करें की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी श्री अग्निहोत्री ने आम नागरिकों से अपील करते हुए अपेक्षा की है कि मॉक ड्रिल के दौरान विद्युत आपूर्ति बंद होने पर घबराएं नहीं और प्रशासन का सहयोग करें।

## साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम, आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लंबित विवेचनाओं का शीघ्र करे निस्तारणः आई0जी0

■ हरदोई पहुंचे आईजी, पुलिस लाइन व साइबर थाना का किया निरीक्षण



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ परिक्षेत्र, लखनऊ का आज जनपद हरदोई में आगमन हुआ। पुलिस लाइन पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई। इसके पश्चात आईजी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कियाए जहां कार्यालयों, बैरकों, परिवहन शाखा सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रख–रखाव, साफ–सफाई, अनुशासन एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके उपरांत आईजी द्वारा पुलिस लाइन स्थित थाना साइबर क्राइम हरदोई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, उपलब्ध संसाधनों, तकनीकी व्यवस्थाओं तथा साइबर अपराधों से संबंधित पंजीकृत अभियोगों की प्रगति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर आईजी ने साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम, आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष बल दिया। आईजी ने प्रभारी निरीक्षक एवं साइबर थाना स्टाफ को तकनीकी दक्षता बढ़ाने, पीड़ितों से संवेदनशील व्यवहार करने तथा समयबद्ध व निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में अनुशासन और कार्यकुशलता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा और सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित किया गया विराट हिंदू सम्मेलन





**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में जूनियर हाई स्कूल मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन के साथ कवि सम्मेलन का भी सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें कई वक्ताओं एवं कवियों ने हिंदू एकता एवं सनातन धर्म पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वाणी वंदना के साथ किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्रीय प्रचारक प्रमुख मनोज कांत ने कहा कि आज के 100 वर्ष पूर्व डॉ॰ केशवराव हेडगेवार ने समस्त हिंदू समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जो कि हर प्रकार से हिंदुओं की रक्षा और उनको सशक्त बनाने के लिए कार्य करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि बिखरा हुआ समझ कुछ नहीं कर सकता हमारे पूर्वज सभी हिंदू थे जो की समस्त विश्व के कल्याण की कामना करते थे भारत हिंदू राष्ट्र था है और आगे भी रहेगा जो हिंदू अपने हिंदुत्व से भटक गए हैं उन्हें फ्रि से जगा कर वापस अपने अस्तित्व को पहचानना होगा। संघ की स्थापना हिंदू राष्ट्र के लिए हुई है इसलिए हिंदू राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए संघ का हर स्वयंसेवक सदैव प्रयत्नशील रहता है। अयोध्या से पधारे वैदेही धाम पीठाधीश्वर महंत राजीव लोचन दास जी ने कहा कि हम सभी सनातनी एक पिता की संतान हैं और सभी के गोत्र का प्रारंभ कश्यप ऋषि के गोत्र से ही हुआ है भारतीय दर्शन और गोत्र प्रणाली में सभी का डीएनए एक ही है। जो कि यह सिद्ध करता है कि हम सब अपनी.अपनी जातियों से उठकर सबसे पहले सनातनी हिंदू हैं यह अटल सत्य है। हिंदू धर्म में नर और नारी दोनों को ही एक समान माना गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिला कार्यवाहिका रश्मि वर्मा ने कहा कि आज हम विभिन्न जातियों में बटे हुए हैं जबकि देश को आजाद करने वाले क्रांतिकारियों ने कभी एक जाति के लिए बलिदान नहीं किया बल्कि पूरे हिंदू राष्ट्र के लिए अपनी कुर्बानियां दी हैं अब आवश्यकता है कि अपनी जातियों के छोटे.छोटे सम्मेलन ना करके इसी प्रकार से विराट हिंदू सम्मेलन करें और सभी सनातनी हिंदू एक साथ खड़े होकर हिंदू राष्ट्र की स्थापना करें। राष्ट्रीय सेविका मंजुला उपाध्याय ने परिवारों को सुसंस्कारित बनाने पर जोर देते हुए कहा कि घर की महिलाओं को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए हर समय प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि बच्चे ही देश कर्णधार हैं। सीतापुर से आए कवि रोहित विश्वकर्मा ने अपनी पंक्तियां प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रहते जंगल में भक्तों घर कभी मीठे वो शबरी के यहां खाने को फ्रि से बेर मेरे राम आएंगे। हरदोई के कवि राजकुमार सिंह सुमन सिंह प्रखर में कहां की माटी कुटुंब पानी अमृत पवन जहां है प्राण है ऐसा देश हमारा जिसके कान.कान में भगवान है। इसी क्रम में कवि अनिल अनिकेत मैं अपनी कविता उच्चारण के मंत्र से बिगड़े बनते काम हाथ उठाकर बोलिए जय जय श्री राम सुन कर तालियां बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश वाल्मीकि ने तथा मंच का संचालन मनोज अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख राजेश पटेलए बजरंग दल के जिला संयोजक विनीत वर्मा, समाजसेवी अभय शंकर शुक्ला, अशोक सिंह, विशाल जायसवाल, मातृशक्ति जिला संयोजिका रागिनी जायसवाल, जिला मार्ग प्रमुख एवं कार्यक्रम के संयोजक अनुज सिंह राजपूत, नगर कार्यवाह प्रभात शुक्ला, नगर संघ चालक संतोष शुक्ला, नगर समरसता प्रमुख गोविंद शुक्ला, कार्यक्रम के सह संयोजक आचार्य जितेंद्र कृष्ण मिश्र, सह नगर कार्यवाह अनुज दीक्षित, कमलेश द्विवेदी, अतुल शुक्ला, जितेंद्र सोनी, हरिपाल सिंह, वैभव छोटे प्रधान, सत्येंद्र एवं जिला प्रचारक कमलेश सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समापन पर कार्यक्रम के संयोजक अनुज राजपूत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### किसान की टप्पे बाजो ने एक लाख से अधिक रुपए किए पार

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली मल्लावां क्षेत्र अंतर्गत पाठक पुरवा मजरा कुतवा पुर निवासी राजेश पुत्र रामकिशन 22 जनवरी 2026 को माधवगंज मंडी से गेहूं धान बेचकर अपने घर वापस आ रहा था उसके जेब में 105505 रुपए बिक्री के पड़े हुए थे जो कि राघवपुर चौराहे से टेंपो से बैठकर अपने घर जा रहा था इसी बीच राघोपुर बाजार के पास एक व्यक्ति टेंपो रुकवा करके नीचे उतरा और पीछे चल रही मोटरसाइकिल पर बैठकर चंपत हो गया राजेश ने जब अपने जेब की ओर देखा तो पैंट की जेब कटी हुई मिली धान गेहूं का बिक्री का पैसा जो भी जेब में पड़ा था टप्पे बाजो ने उड़ा दिया राजेश टेंपो से नीचे उतरा और बेहोश हो गया कुछ लोगों के समझाने बुझाने पर स्थानीय राघोपुर चौकी पहुंचा और साथ में हुई घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली कि राजेश लगभग 1:30 पर राघोपुर चौराहे से पाठक पुरवा के लिए टेंपो पर बैठा था इसी बीच पड़ोस में टप्पे बाज भी बैठ करके उसके जेब से सारे पैसे उड़ा दिए। चौराहे से कुछ दूर चलकर टैंपो से नीचे उतर गया और पीछे मोटरसाइकिल लेकर चल रहे साथी के साथ चला गया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी का माहौल बना हुआ है।

## ब्लाक पर कृषि निवेश गोष्ठी एवम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** विकास खण्ड के सभागार में गुरुवार को विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला, गोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

कृषि निवेश मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत बीजए खादए कीटनाशकए कृषि यंत्रों तथा नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने मेले में आए किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान कर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य काड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जमील अहमद सिद्दीकी पुत्र पुत्तू व मेरी पत्नी शमशुन निशा निवासी नारायण दास गली महतवाना सुम्बाबाग संडीला का निवासी हूं मेरा एक पुत्र है जिसका नाम शोएब अहमद सिद्दीकी है मेरा पुत्र शोएब व उसकी पत्नी तमन्ना मेरे कहने और नियंत्रण से बाहर है और अक्सर मेरे व मेरी पत्नी के साथ दुव्यवहार करते है मैं अपने पुत्र की गलत आदतों और व्यवहार से तंग आकर उसे अपनी चाल एवं अचल संपत्ति से पूर्णता बेदखल करता/करती हूं 14 जनवरी 2026 से मेरा और मेरे परिवार का पुत्र के साथ कोई संबंध नहीं रहेगा अगर वह कोई भी गैर कानूनी कार्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा उसके किसी भी कार्य के लिए मेरा व मेरी पत्नी उत्तरदायी नहीं होंगी।

**जमील अहमद सिद्दीकी पुत्र पुत्तू व मेरी पत्नी शमशुन निशा,**
**निवासी-नारायण दास गली महतवाना सुम्बाबाग सण्डीला, हरदोई**

## अंबेडकर पार्क में संपन्न हुई श्रद्धांजलि सभा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रामप्रकाश राठौर की अध्यक्षता में शाहाबाद नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह सभा शोकए संवेदना और स्मृतियों का सजीव संगम बन गई। वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह एवं पिहानी निवासी पत्रकार प्रियंक दीक्षित के असामयिक निधन से उत्पन्न रिक्तता को शब्दों में पिरोते हुए उपस्थित पत्रकारों की आँखें नम और कंठ अवरुद्ध नजर आए। वक्ताओं ने वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक पत्रकार नहींए बल्कि सत्यए साहस और सामाजिक चेतना की जीवंत मिसाल थे। उनकी लेखनी ने सदैव जनहित की पीड़ा को स्वर दिया और अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से खड़ी रही। वहीं पत्रकार प्रियंक दीक्षित के सौम्य स्वभावए कर्मठता और पत्रकारिता के प्रति निष्ठा को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वे अपने व्यवहार और कार्यशैली के कारण सदैव स्मरणीय रहेंगे। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वातावरण अत्यंत भावुक हो गये और ऐसा प्रतीत हुआ मानो समय भी थमकर उन दोनों आत्माओं को नमन कर रहा हो। अंत में ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक.संतप्त परिजनों एवं पत्रकार साथियों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर राजीव शमा, डाक्टर शाहिद अली, गुलफाम खाँ, संदीप कुमार, दिनेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, उमैर अली खाँ, नरेश कुमार, लाल मोहम्मद, इजहार खाँ, रवि शुक्ला अखिलेश बाथम आदि पत्रकार गण मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मारी, महिला सहित दो घायल

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के ग्राम कुइयां निवासी अंकुर दीक्षित पुत्र कमलेश चंद्र दीक्षित, रामदेवी पत्नी रमेश चंद्र घटिया घाट मेले से टेंपो पर बैठकर वापस अपने घर लौट रहे थे। गुरुवार को शाम 4:00 बजे परेली गांव के पास तेज रफ्तार कार ने टेंपो में टक्कर मार दी जिससे टेंपो पर सवार अंकुर दीक्षित और रामदेवी घायल हो गए। घायलों को तत्काल सीएचसी शाहबाद लाया गया। रामदेवी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अंकुर दीक्षित को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै मुन्ना लाल अवस्थी पुत्र मूल नारायन, पताः-ग्राम नसीरपुर, पोस्ट बखूरा, जनपद-हरदोई का निवासी हूँ। मेरी बीमा पालिसी संख्या-222538519 में मुनेंद्र पाल अवस्थी पुत्र मूल नारायन अवस्थी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मुन्ना लाल अवस्थी पुत्र मूल नारायन अंकित है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

**मुन्ना लाल अवस्थी पुत्र मूल नारायन,**
**पताः-ग्राम नसीरपुर, पोस्ट बखूरा,**
**जनपद-हरदोई**

## कार्यालय अधिशासी अधिकारी आदर्श नगर पंचायत कछौना पतसेनी, जनपद-हरदोई

पत्रांक-326/न0पं0कछौना/अनु0-37/सी0 एवं ज0नि0/रा0वि0/ई0-निविदा/2025-26, दिनाँकः-22.01.2026

**ई-निविदा सूचना**

''पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37'', ''सीवरेज एवं जल निकासी योजना'' एवं राज्य वित्त आयोग के योजनान्तर्गत नगर पंचायत कछौना पतसेनी जनपद हरदोई के स्तर पर उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत पंजीकृत/अधिकृत फर्मो/ठेकेदारों/नगर विकास द्वारा निर्गत नवीनतम शासनादेशों के अन्तर्गत समस्त फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न विवरण के अनुसार समस्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है जोकि ई-निविदा की बेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर दिनाँक-24.01.2026 को सायं 05:00 बजे से 14.02.2026 को सायं 05 बजे तक उपलब्ध है जोकि बेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते है तथा समस्त प्रपत्र दिनाँक-16.02.2026 को कार्यालय नगर पंचायत में 01:00 बजे तक जमा किये जायेगें। निविदायें अपरान्ह 04 बजे नगर पंचायत कछौना पतसेनी, जनपद हरदोई के कार्यालय में निविदादाता की उपस्थिति में खोली जायेगी। धरोहर धनराशि एवं ई-निविदा मूल्य नगर पंचायत कछौना पतसेनी में एन0एस0सी0/ट्रेजरी चालान/एफ0डी0आर0/नगर पंचायत के भारतीय स्टेट बैंक में खुले खाता सं0-**40195550510 IFSC CODE-SBIN0011823** शाखा-बालामऊ में जमा कर रसीद ई-निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। ई-निविदा की समस्त नियम व शर्ते **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड कर देखी जा सकती है। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही **www.etender.up.nic.in** पर की जायेगी।

| कं0 सं0 | नगर पंचायत कछौना पतसेनी/ANM Stage | Vendor Stage | प्रारम्भ तिथि व समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | - | 24.01.2026, 05PM | |
| 2. | | Tender Download | 24.01.2026, 05PM | 14.02.2026, 05 PM |
| 3. | | Bid Submission | 24.01.2026, 05PM | 14.02.2026, 05 PM |
| 4. | Close for Bid | | 14.02.2026, 05PM | |
| 5. | Technical Bid Opening | | 16.02.2026, 04PM | |
| 6. | Finence Bid Opening | | After Approval of Techincal Bid | |

**नोट-** अन्य शर्ते कार्य विवरण ई-निविदा वेबसाइड **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कछौना पतसेनी**
**जनपद-हरदोई**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कछौना पतसेनी**
**जनपद-हरदोई**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-तेरा पुरसौली, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/ निविदा/ राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/ 2025-26 दिनाँक-22.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त, केन्द्रीय वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक- 23.01.2026 से दिनाँक-28.01.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक-28.01.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | प्राकलन के अनुसार स्वीकृत धनराशि | टेण्डर बिक्री की धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संविलियन विद्यालय मे ंगेट और बाउण्ड्री निर्माण कार्य। | ईंटा, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, गिट्टी लोहा आदि | 250000.00 रु0 | 100 रु0 | 07 दिन |

**नोट . नियम व शर्तो निम्नवत हैं**

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

**(वैशाली यादव)**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत- तेरा पुरसौली,**
**विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई**

**(राजेश कुमार मिश्रा)**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत- तेरा पुरसौली,**
**विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई**

# नवीन और प्राचीन के बीच भाजपा

मंगलवार 19 जनवरी 2026 को नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। इससे पहले श्री नबीन को 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। 18 जनवरी को उनका नामांकन हुआ और वे पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गए। उनके अध्यक्ष बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर करीब एक घंटे के भाषण में कहा, मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे। वहीं बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, श्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।इन बातों को सुनकर किसी को भी लगेगा कि देश क्या दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा कितने लोकतांत्रिक मिजाज की है। यहां साधारण से कार्यकर्ता को भी शिखर तक पहुंचने का मौका मिलता है। एक राष्ट्रीय दैनिक ने तो शीर्षक ही दे दिया -भाजपा का नवीन युग। अलंकार के हिसाब से शीर्षक काफी उपयुक्त है। लेकिन असलियत क्या है ये नितिन नबीन भी जानते हैं, उनके पूर्ववर्ती जे पी नड्डा भी जानते होंगे और भाजपा के बाकी कार्यकर्ता भी। नितिन नबीन बिहार में पांचवी बार के विधायक हैं, यानी राजनीति में उनकी पकड़ है, इससे कोई इंकार नहीं। लेकिन राजनीति में वे अपने पिता भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा की आकस्मिक मौत के बाद आए। पिता की विरासत संभालनी थी, लिहाजा भाजपा ने परिवारवाद की चिंता किए बिना उन्हें टिकट दी। और फिर लगातार चुनाव जीतकर नितिन नबीन ने अपनी योग्यता साबित की। अब उसी परिवारवाद को भुलाकर ही उन्हें पहले कार्यकारी और फिर पूर्णकालिक अध्यक्ष भी बनाया गया। क्योंकि वे अमित शाह और नरेन्द्र मोदी की पसंद हैं। जे पी नड्डा भी मोदी-शाह की ही पसंद थे, और बतौर अध्यक्ष उनका कार्यकाल बढ़ा-बढ़ाकर उन्हें शीर्ष पद पर बिठाए रखा गया। लेकिन इसके बाद शायद मोदी-शाह को लगा होगा कि इससे ज्यादा खींचने में पार्टी को नुकसान हो सकता है, तो शीर्ष पद का मोहरा बदल दिया गया।वैसे भी बिहार चुनाव जीतने के बाद मोदी-शाह को राज्य का धन्यवाद करना था, तो इसका एक तरीका यही लगा होगा। दूसरी बात युवा चेहरे को आगे रखने से रणनीतियों को धार देने में आसानी भी होती है। ध्यान रहे कि छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी बनी थी और नितिन नबीन का जन्म इसके भी करीब दो महीने बाद 23 मई 1980 को हुआ था। यानी जितनी उम्र पार्टी की है, उतनी ही उसके अध्यक्ष की भी। लेकिन इससे भी उनके नाम के चयन का कोई लेना-देना नहीं है। आज की तारीख में भाजपा में आगे रहने की एकमात्र योग्यता मोदी-शाह की पसंद होना है। जिस कांग्रेस पर भाजपा बार-बार परिवारवाद बढ़ाने का आरोप लगाती है। गांधी परिवार के वर्चस्व की आलोचना करती है, वहां स्थिति बिल्कुल अलग है। कांग्रेस में मल्लिकार्जुन खड़गे बाकायदा चुनाव लड़कर अध्यक्ष बने। उन्हें शशि थरूर ने चुनौती भी दी थी। भाजपा की तरह यहां निर्विरोध नामांकन नहीं हुआ। पार्टी के भीतर अब भी कई कांग्रेस नेता किसी फैसले पर अपनी अलग राय देते हैं, या असहमति व्यक्त करते हैं, इसके बाद भी पार्टी में बने रहते हैं।भाजपा में यह सब कभी नहीं हुआ। पहले अटल-आडवानी के युग ही भाजपा थी, जिसमें जना कृष्णमूर्ति, कुशाभाऊ ठाकरे और बंगारू लक्ष्मण जैसे कमजोर अध्यक्ष बनाए गए। नितिन गडकरी या राजनाथ सिंह जैसे कद्दावर नेताओं ने भी पार्टी की कमान संभाली, लेकिन उनसे चुनौती मिलते देख उन्हें किनारे भी कर दिया गया। अब नितिन नबीन कब तक हाशिए से दूर रखे जाएंगे, ये देखना होगा। वैसे उन्होंने भाजपा का अध्यक्ष पद तब संभाला है, जब पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में है। 240 लोकसभा सीटें, 99 राज्यसभा सीटें, और 21 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकार है। अधिकतर नगरीय निकायों पर भी भाजपा का ही कब्जा है। सत्ता के लिहाज से तो पार्टी काफी मजबूत है, लेकिन क्या संगठन के तौर पर भी यही मजबूती नितिन नबीन कायम रख पाएंगे, ये देखना होगा। क्योंकि उनके पीछे अगर अमित शाह और नरेन्द्र मोदी का हाथ है, तो वही उनके लिए बड़ी चुनौती भी हैं। प्रधानमंत्री भले उन्हें अपना बॉस बताएं, लेकिन क्या नितिन नबीन नरेन्द्र मोदी को कभी कोई सलाह दे सकते हैं, या उनके किसी फैसले पर आपत्ति जता सकते हैं, इस सवाल का जवाब वही बेहतर दे पाएंगे। नितिन नबीन के सामने फिलहाल इस साल के केरल, तमिलनाडु, प.बंगाल, असम और पुड्डुचेरी चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर दिखाने की चुनौती है।

**अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, श्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।इन बातों को सुनकर किसी को भी लगेगा कि देश क्या दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा कितने लोकतांत्रिक मिजाज की है। यहां साधारण से कार्यकर्ता को भी शिखर तक पहुंचने का मौका मिलता है। एक राष्ट्रीय दैनिक ने तो शीर्षक ही दे दिया -भाजपा का नवीन युग।**

# आर्थिक मोर्चे पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ता भारत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

दुनिया की अर्थव्यवस्था जब अनिश्चितताओं, राजनीतिक तनावों और सुस्त मांग के दौर से गुजर रही हो, तब भारत की तस्वीर निश्चित ही उत्साह से भर देती है। मजबूत घरेलू मांग, निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल, बढ़ता औद्योगिक भरोसा जिसमें कि सुधारों की निरंतरता भी लगातार बनी हुई है, ये सभी कारण आज भारत को आर्थिक मोर्चे पर एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित करते हैं। वस्तुतः भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई का ताजा बिजनेस आउटलुक सर्वे इसी सशक्त और आशाजनक परिदृश्य की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल और गतिशील घरेलू बाजार है। देखा जाए तो इस वक?त वैश्विक स्तर पर निर्यात आधारित अर्थव्यवस्थाएं दबाव महसूस कर रही हैं, दूसरी ओर भारत है जहां आंतरिक मांग विकास का मजबूत आधार तैयार करती है। यही कारण है कि भारत में उद्योग जगत का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और कंपनियां भविष्य को लेकर आशावादी नजर आती हैं। इसीलिए ही इस वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स बढ़कर 66.5 पर जा पहुंचा है। यह पिछले पांच तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यहां उल्लेखित कर दें कि किसी भी सूचकांक में 50 से ऊपर का आंकड़ा इस दिशा में सकारात्मकता का संकेत है। ऐसे में 66.5 का स्तर इतना बताने के लिए पर्याप्त है कि भारतीय उद्योग सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके सामने आए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में लगभग दो तिहाई कंपनियों ने मजबूत मांग दर्ज की। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 72 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि आने वाले समय में मांग और बढ़ेगी। वहीं, सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में निवेश बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि अर्थव्यवस्था में विश्वास का माहौल है। वस्तुतः सीआईआई सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि कंपनियां अपनी हायरिंग और निवेश योजनाओं को आगे बढ़ाना इसलिए भी चाह रही हैं क्योंकि जहां एक ओर विश्व के कई देशों में आज ऊंची ब्याज दरों, महंगाई के दबाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाओं का सामना देखा जा रहा है। वहीं, भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत स्थिर और मजबूत दिखाई देती है। यदि इसके पीछे के कारणों को देखें तो इसका प्रमुख कारण मजबूत घरेलू सुधार, नीतिगत स्थिरता और सरकार तथा उद्योग के बीच निरंतर संवाद का सतत प्रक्रिया के रूप में चलते रहना है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी भारत की विकास दर को लेकर सकारात्मक हैं और आने वाले वर्षों में भारत के 6 से 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अभी इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने बोला भी कि भारत आज दुनिया के लिए एक प्रमुख ग्रोथ इंजन की तरह काम कर रहा है। आईएमएफ के कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट की डायरेक्टर जूली कोज़ैक का कहना है कि भारत की तीसरी तिमाही की आर्थिक ग्रोथ उम्मीद से कहीं ज्यादा

**मजबूत घरेलू मांग, निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल, बढ़ता औद्योगिक भरोसा जिसमें कि सुधारों की निरंतरता भी लगातार बनी हुई है, ये सभी कारण आज भारत को आर्थिक मोर्चे पर एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित करते हैं। वस्तुतः भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई का ताजा बिजनेस आउटलुक सर्वे इसी सशक्त और आशाजनक परिदृश्य की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल और गतिशील घरेलू बाजार है। देखा जाए तो इस वक्त वैश्विक स्तर पर निर्यात आधारित अर्थव्यवस्थाएं दबाव महसूस कर रही हैं, दूसरी ओर भारत है जहां आंतरिक मांग विकास का मजबूत आधार तैयार करती है। यही कारण है कि भारत में उद्योग जगत का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और कंपनियां भविष्य को लेकर आशावादी नजर आती हैं। इसीलिए ही इस वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स बढ़कर 66.5 पर जा पहुंचा है। यह पिछले पांच तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यहां उल्लेखित कर दें कि किसी भी सूचकांक में 50 से ऊपर का आंकड़ा इस दिशा में सकारात्मकता का संकेत है। ऐसे में 66.5 का स्तर इतना बताने के लिए पर्याप्त है कि भारतीय उद्योग सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके सामने आए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में लगभग दो तिहाई कंपनियों ने मजबूत मांग दर्ज की।**

मजबूत रही है। जब कई बड़े देश स्लो ग्रोथ या मंदी के खतरे से जूझ रहे हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आईएमएफकी आर्टिकल आईवी स्टाफ रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.6 प्रतिशत रह सकती है। इस ग्रोथ का सबसे बड़ा कारण बताया गया है- मजबूत घरेलू खपत। सरल शब्दों में कहें तो भारत के लोग खर्च कर रहे हैं, बाजार चल रहे हैं, उद्योग सक्रिय हैं और यही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है। आईएमएफ अगले हफ्ते अपना विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) अपडेट जारी करने वाला है। इस रिपोर्ट में भारत की नई ग्रोथ दर, अन्य प्रमुख देशों की आर्थिक स्थिति और वैश्विक अर्थव्यवस्था की ताजा तस्वीर शामिल होगी। आईएमएफ का कहना है कि इस रिपोर्ट के बाद यह और साफ हो जाएगा कि हाल के आर्थिक आंकड़ों ने भारत और दुनिया की अर्थव्यवस्था को किस तरह प्रभावित किया है। अतः निष्कर्ष यही है कि सीआईआई का बिजनेस आउटलुक सर्वे यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत का घरेलू आर्थिक मोर्चा मजबूत, संतुलित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। मजबूत मांग, बढ़ता निवेश, सुधारों की निरंतरता और नवाचार पर फोकस ने भारत को एक उज्ज्वल आर्थिक भविष्य की ओर अग्रसर किया है। यदि सरकार और उद्योग मिलकर इसी दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे तब यह तय है कि आने वाले वर्षों में भारत इसी तरह से तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वह आगे भी समावेशी और टिकाऊ विकास का वैश्विक उदाहरण भी प्रस्तुत करता रहेगा।

# बसंत पंचमी : चेतना के पुष्पन और मां सरस्वती की आराधना का पर्व

पवन वर्मा

जब धरती के हृदय में शीत की निस्तब्धता पिघलने लगती है, जब वायु में मंद सुगंध घुल जाती है और जब पीले पुष्प दिशाओं को आलोकित करने लगते हैं, तब भारतीय चेतना में बसंत का आगमन होता है। यह वही समय है जब प्रकृति स्वयं को संवारती है और मानव मन भी भीतर से जागृत होने लगता है। इसी चेतना के उत्कर्ष का नाम है बसंत पंचमी।

यह पर्व केवल ऋतु परिवर्तन का संकेत नहीं देता, बल्कि यह उस क्षण का स्मरण कराता है जब ज्ञान, वाणी और विवेक को सर्वोच्च स्थान दिया जाता है। बसंत पंचमी भारतीय परंपरा में ज्ञान की साधना, विद्या के आरंभ और आत्मिक शुद्धता का पवित्र अवसर है।

वैदिक दृष्टि में वसंत और ज्ञान का संबंधः वैदिक साहित्य में वसंत ऋतु को विशेष महत्ता प्राप्त है। वेदों में ऋतुओं को केवल मौसम नहीं, बल्कि सृष्टि के संतुलन का आधार माना गया है। वसंत को सृजन और चेतना की ऋतु कहा गया है। यजुर्वेद का प्रसिद्ध मंत्र वसंतो ब्राह्मणोस्य मुखम् इस बात को स्पष्ट करता है कि वसंत को ब्राह्मण अर्थात ज्ञान का मुख माना गया है। मुख से वाणी का प्रवाह होता है और वाणी ही विद्या का माध्यम है। यही कारण है कि वसंत और सरस्वती का संबंध केवल परंपरा नहीं, बल्कि वैदिक दर्शन की स्वाभाविक परिणति है। अथर्ववेद में वाणी, मेधा और प्रज्ञा की स्तुति इस बात की पुष्टि करती है कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान को दैवीय स्वरूप प्राप्त है।

पौराणिक मान्यताएँ और मां सरस्वती का प्राकट्यः पुराणों के अनुसार जब सृष्टि की रचना के उपरांत चारों ओर नीरवता व्याप्त थी, तब ब्रह्मा जी के आदेश से मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ। उनके वीणा नाद से ध्वनि, भाषा और भाव का जन्म हुआ। सृष्टि को गति और अर्थ मिला। मां सरस्वती को श्वेत वस्त्रधारिणी कहा गया है,



क्योंकि वे शुद्धता और सात्त्विकता की अधिष्ठात्री हैं। वे केवल पुस्तकों की देवी नहीं, बल्कि विवेक, संयम और संस्कार की शक्ति हैं। बसंत पंचमी का दिन उनके पूजन के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि यही वह समय है जब प्रकृति और चेतना दोनों अपने सबसे कोमल और निर्मल रूप में होते हैं। सरस्वती पूजन की परंपरा और पीतवर्ण का आध्यात्मः बसंत पंचमी पर मां सरस्वती के पूजन में पीले रंग का विशेष महत्व है। पीतवर्ण वसंत ऋतु, ऊर्जा, समृद्धि और प्रज्ञा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन मां सरस्वती को सरसों के फूल अर्पित किए जाते हैं। सरसों के ये पीले पुष्प खेतों, गांवों और जीवन में उल्लास का संदेश देते हैं। पूजन के समय मां को मीठे पीले चावलों का भोग लगाया जाता है, जिसे परंपरागत रूप से केसरिया भात कहा जाता है। केसर या हल्दी से रंजित यह भोग केवल स्वाद का नहीं, बल्कि श्रद्धा और सात्त्विक भाव का प्रतीक है। यह भोग यह संकेत देता है कि ज्ञान का स्वरूप मधुर, पवित्र और प्रकाशमय होना चाहिए।

अक्षरारंभ संस्कार : शिक्षा की पवित्र शुरुआतः भारतीय परंपरा में शिक्षा को केवल रोजगार का साधन नहीं माना गया, बल्कि उसे संस्कारों से जोड़ा गया। बसंत पंचमी के दिन बच्चों का अक्षरारंभ संस्कार इसी भावना का प्रतीक है। इस दिन बच्चे को पहली बार अक्षर ज्ञान कराया जाता है। गुरु, माता-पिता या परिवार का वरिष्ठ सदस्य बच्चे के हाथ से 'ॐ', 'श्री' या वर्णमाला का प्रथम अक्षर लिखवाता है। यह क्षण केवल लेखन की शुरुआत नहीं, बल्कि जीवन भर चलने वाली ज्ञान यात्रा का शुभारंभ होता है। मां सरस्वती से यह प्रार्थना की जाती है कि बालक की बुद्धि निर्मल रहे और उसका ज्ञान लोककल्याण में लगे।

कला, संगीत और साधना का पर्वः बसंत पंचमी कलाकारों, संगीतज्ञों और साहित्यकारों के लिए विशेष महत्व रखती है। वीणा, पुस्तक, लेखनी और वाद्य यंत्रों का पूजन किया जाता है। यह परंपरा यह स्मरण कराती है कि कला और विद्या तभी फलदायी होती हैं, जब उनमें अहंकार नहीं, साधना होती है। भारतीय दर्शन में कला को आत्मा की अभिव्यक्ति माना गया है और बसंत पंचमी उसी अभिव्यक्ति का उत्सव है।

प्रकृति और आत्मा का संवादः वसंत ऋतु में जैसे वृक्षों में नए पत्ते आते हैं, वैसे ही मानव जीवन में भी आशा और उत्साह का संचार होता है। खेतों में लहलहाती सरसों, आम की बौर और कोयल की मधुर कूक ये सभी प्रकृति के मंत्र हैं, जो मानव को भीतर से जागृत करते हैं। बसंत पंचमी इस संवाद को पहचानने का अवसर है। यह पर्व सिखाता है कि जैसे प्रकृति निरंतर नवसृजन करती है, वैसे ही मानव को भी अपने भीतर ज्ञान, विवेक और करुणा का विस्तार करना चाहिए।

आध्यात्मिक अर्थ : तम से सत की ओरः बसंत पंचमी का आध्यात्मिक भाव अज्ञान से ज्ञान की यात्रा है। मां सरस्वती का पूजन बाह्य आडंबर नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि की साधना है। यह पर्व मानव को स्मरण कराता है कि सच्चा ज्ञान वही है जो विनय लाता है, जो अहंकार को नहीं, बल्कि विवेक को बढ़ाता है।

जब सरसों के पीले फूल मां के चरणों में अर्पित होते हैं और केसरिया भात का भोग लगता है, तब यह केवल परंपरा नहीं रहती, बल्कि चेतना का उत्सव बन जाती है।

# भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी व्यक्तित्व नेताजी सुभाषचंद्र बोस

अतिवीर जैन 'पराग'

कांग्रेस के हरिपुरा (गुजरात)अधिवेशन में 1938 में सुभाष चंद्र बोस सर्वसम्मति से कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय योजना समिति का गठन किया। 1939 के त्रिपुरी ( जबलपुर, मध्य प्रदेश) अधिवेशन में भी सुभाष चंद्र बोस को दोबारा कांग्रेस का अध्यक्ष चुन लिया गया। गांधीजी चाहते थे कि सीतारमैया अध्यक्ष बने, इसीलिए चुनाव हुआ। सुभाष चंद्र बोस को चुनाव में 1580 मत मिले और सीता रमैया को 1377 मत मिले। इस प्रकार गांधी जी के विरोध के बावजूद सुभाष चंद्र 203 मतों से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए थे। तभी सितंबर 1939 में विश्व युद्ध शुरू हो गया। नेताजी ने अंग्रेजों को छह महीने में देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया। नेताजी के अल्टीमेटम का गांधीजी ने विरोध किया जिससे इन्होंने कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ दी। इसके बाद डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। गांधी जी भारत की पूर्ण स्वतंत्रता नहीं बल्कि इसे ब्रिटेन का एक उपनिवेश राष्ट्र (डोमिनियन स्टेट) बनाना चाहते थे द्य यह प्रस्ताव कांग्रेस के 1928 में कोलकाता अधिवेशन में पास भी किया गया था। जिसका सुभाष चंद्र बोस ने बहुत विरोध किया था। 1939 में कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ने के बाद सुभाष चंद्र ने फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। कुछ दिन बाद ही सुभाष चंद्र को कांग्रेस से निकाल दिया गया और फॉरवर्ड ब्लॉक एक स्वतंत्र पार्टी बन गई। सुभाष चंद्र बोस ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों का उपयोग करने का घोर विरोध किया और जनआंदोलन शुरू कर दिया इसलिए अंग्रेजों ने उन्हें कोलकाता के घर में नजरबंद कर दिया। 1941 में सुभाषचंद्र बोस किसी तरह अंग्रेजों की कैद से छूटकर अफगानिस्तान के रास्ते जर्मनी पहुंच गए और गुमनाम हो गए द्य 1941 के अंत में बर्लिन में *फ्री इंडिया सेंटर* की स्थापना

**सुभाष चंद्र बोस को चुनाव में 1580 मत मिले और सीता रमैया को 1377 मत मिले। इस प्रकार गांधी जी के विरोध के बावजूद सुभाष चंद्र 203 मतों से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए थे। तभी सितंबर 1939 में विश्व युद्ध शुरू हो गया। नेताजी ने अंग्रेजों को छह महीने में देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया। नेताजी के अल्टीमेटम का गांधीजी ने विरोध किया जिससे इन्होंने कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ दी। इसके बाद डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। गांधी जी भारत की पूर्ण स्वतंत्रता नहीं बल्कि इसे ब्रिटेन का एक उपनिवेश राष्ट्र (डोमिनियन स्टेट) बनाना चाहते थे द्य यह प्रस्ताव कांग्रेस के 1928 में कोलकाता अधिवेशन में पास भी किया गया था। जिसका सुभाष चंद्र बोस ने बहुत विरोध किया था। 1939 में कांग्रेस की अध्यक्षता छोड़ने के बाद सुभाष चंद्र ने फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की। कुछ दिन बाद ही सुभाष चंद्र को कांग्रेस से निकाल दिया गया और फॉरवर्ड ब्लॉक एक स्वतंत्र पार्टी बन गई। सुभाष चंद्र बोस ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों द्वारा भारत के संसाधनों का उपयोग करने का घोर विरोध किया और जनआंदोलन शुरू कर दिया इसलिए अंग्रेजों ने उन्हें कोलकाता के घर में नजरबंद कर दिया। 1941 में सुभाषचंद्र बोस किसी तरह अंग्रेजों की कैद से छूटकर अफगानिस्तान के रास्ते जर्मनी पहुंच गए और गुमनाम हो गए।**

की और 'जन गण मन' को भारत का राष्ट्रगान घोषित किया। देश को 'जय हिंद' का नारा दिया। यहीं पर सुभाष चंद्र बोस को नेताजी की उपाधि दी गई। मई 1942 में जर्मनी में सुभाषचंद्र बोस ने हिटलर से मुलाकात की । हिटलर से उन्हें कोई सकारात्मक सहयोग नहीं मिला। इसी दौरान सुभाषचंद्र बोस की भेंट ऑस्ट्रेलिया की महिला एमिली से हुई जो उनकी सचिव रही,और उन्होंने उससे शादी कर ली। जिससे उनके एक बेटी अनिता बोस हुई। 26 जनवरी 1943 को बर्लिन में भारतीय स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें नेताजी ने मुख्य भाषण दिया और उसके बाद जापान चले गए। जून 1943 में नेताजी की मुलाकात जापानी प्रधानमंत्री से हुई और उन्होंने भारत की संपूर्ण स्वाधीनता के लिए बिना शर्त पूरे समर्थन की अधिकृत घोषणा की। यह उस समय के परिप्रेक्ष्य में बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना थी। किसी भी विदेशी शासन प्रमुख द्वारा द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इस प्रकार भारत को बिना शर्त पूरा समर्थन देने की घोषणा की गई थी। हालांकि गांधीजी इस प्रकार की कोई भी घोषणा ब्रिटिश सरकार या उसके मित्र देशों से नहीं करवा पाए थे, य़ह नेताजी की एक बड़ी जीत थी। इसके बाद नेताजी ने अपनी मौजूदगी जग जाहिर कर दी और नागरिक रेडियो पर अपना विशेष प्रसारण किया। जुलाई 1943 में नेताजी सिंगापुर पहुंच गए। जहां रासबिहारी बोस और इंडियन नेशनल आर्मी आजाद हिंद फौज के अफसरों और नेताओं ने नेताजी का स्वागत किया। पांच जुलाई 1943 नेताजी के जीवन का सर्वाधिक वैभवशाली दिन था क्योंकि उस दिन सिंगापुर टाउन हॉल के एक बड़े मैदान में उन्होंने सर्वोच्च सेनापति सुप्रीम कमांडर के रूप में आजाद हिंद फौज की सलामी ली। यहीं पर उन्हें नेताजी का नाम दिया गया। उन्होंने अपनी फ़ौज को संबोधन में कहा था ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। '' उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की कब्र बनाने का आव्हान सैनिकों से किया । इक्कीस अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में एक ऐतिहासिक सभा में उन्होंने प्रथम अंतरिम आजाद हिंद सरकार की स्थापना का ऐलान किया । इस अंतरिम सरकार को विश्व के तीन प्रमुख देश जापान, जर्मनी और इटली समेत कुल नौ देशों ने मान्यता प्रदान कर दी। इस प्रकार दो सौ वर्ष में भारत के स्वाधीनता सेनानियों को अपने स्वाधीन राष्ट्र की अनुभूति हुई थी। आजाद हिंद सरकार की पहली घोषणा थी अमेरिका और ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध। बाईस अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज की रानी झांसी रेजीमेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। जिसमें भारतीय महिलाओं की भागीदारी थी।आजाद हिंद सरकार की स्थापना के बाद ,आजाद हिंद बैंक ने 10 से लेकर 1,00,000 तक के नोट के जारी किए, 1,00,000 के नोट में नेताजी की तस्वीर छापी गई थी। 29 दिसंबर 1943 को नेताजी अंडमान पहुंचे। यहां राष्ट्र अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जिमखाना मैदान में भारी जन समुदाय के बीच राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। नेताजी ने अंडमान को ''शहीद दीप समूह '' तथा निकोबार को '' स्वराज दीप समूह '' का नया नाम दिया था। जनवरी 1944 में नेताजी अपना मुख्यालय सिंगापुर से भारत के नजदीक रंगून (बर्मा) में ले आए। आजाद हिंद फौज ने 18 मार्च 1944 को इंफाल के रास्ते भारत में प्रवेश किया ,पर खराब मौसम के कारण ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाए। जापान की हार के कारण नेताजी का आजाद हिंद फौज के द्वारा स्वतंत्रता का सपना पूरा ना हो पाया। ऐसा माना जाता है कि अट्ठारह अगस्त 1945 को जापान जाते समय नेताजी का विमान ताइवान में क्रैश हो गया,परंतु उनका शरीर नहीं मिला और तब से लेकर आज तक उनकी मृत्यु एक विवाद और रहस्य का विषय बनी हुई हैं। नेताजी के जय हिंद नारे से राष्ट्रीय चेतना जागृत हो गई । आज भी जय हिंद का उद्घोष जनमानस में जोश भरने और देश प्रेम की भावना को जीवित करने का साधन बना हुआ है। अपनी क्रांतिकारी सोच के कारण नेताजी ने उस समय के जनमानस को उद्वेलित किया और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष को प्रेरित किया। जिसने भारत की आजादी में उत्प्रेरक का काम किया। उनकी विचारधारा भारतीय जनमानस में सदा बसी रहेगी। देश आज भी नेताजी को एक क्रांतिकारी नेता के रूप में याद करता है और सदा करता रहेगा।

# बड़ा कैश लें जाते समय पुलिस का सहयोग लें व्यापारी : एसपी

- व्यापारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के लिए किया आमंत्रित
- दुकानों में कम से कम दो सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाये



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय से पुलिस कार्यालय में रसूलाबाद के व्यापारियों ने गणतंत्र दिवस पर सुभाष चौक में आयोजित होने वाले तिरंगा महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। जिस पर एसपी ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि कार्यक्रम में पहुंचने की पूरी कोशिश करुँगी। साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ बनाने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि जब भी आप ज्यादा कैश लेकर जाते है तो इस सम्बन्ध में पुलिस को अवश्य सूचित करें, जिससे कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पाये तथा सुरक्षा संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । एसपी श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने उपस्थित समस्त व्यापारियों से परिचय प्राप्त किया गया । व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर उनका निरस्तारण समय रहते कराने का आश्वासन दिया।

एसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत वार्ता करते हुए बताया कि अवैध अतिक्रमण की वजह से बाजार मे जाम की स्थिति हो जाती है इसलिए सभी व्यापारी बंधुओं से बताया गया कि सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आगे हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवा दे। इसके साथ ही सभी को बताया गया कि अपने प्रतिष्ठानो के सामने अवैध पार्किंग न होने दे ।

साथ ही सभी की सुरक्षा के दृष्टिगत सम्बन्धित को पैदल गस्त करने व पुलिस पिकेट लगाने के लिए क्षेत्राधिकारी नगर को निर्देश दिए। व्यापारियों को बताया कि बदलते परिवेश में सीसीटीवी कैमरे की महत्ता अधिक बढी है तथा सीसीटीवी कैमरा के इस्तेमाल से सामान्य निगरानी अपराध नियंत्रण तथा घटनाओं के अनावरण में वह पुलिस की मदद कर सकते हैं। साथ ही बताया गया कि आप सभी अपने-अपने प्रतिष्ठानो में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए व कम से कम दो कैमरे जिसमें से एक दुकान के अंदर व एक बाहर की तरफ इस तरह से लगवाएं जिससे रोड पर होने वाली गतिविधियो एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा सके । सीसीटीवी कैमरा लगने से अपराध को रोकने व उसके खुलासा करने में भी सहायता प्राप्त होती है । एसपी ने व्यापारियों को बताया गया कि अपने प्रतिष्ठानों में जो भी काम करने वाले व्यक्ति रखें उनका चरित्र सत्यापन अवश्य करवा लें। इस मौके पर अवधेश अवस्थी, कमल दुबे सहित एक दर्जन व्यापारी मौजूद रहें।

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर हुए विशेष आयोजन

- सदर विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष की अगुवाई में बांटा गया प्रसाद
- जगह-जगह मंदिरों में भंडारा के साथ आयोजित हुए भजन-कीर्तन
- भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा पूरा माहौल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। अयोध्याधाम में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर शहर में जगह-जगह प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दूसरी सालगिरह का प्रसाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

शहर के महेश्वरी देवी मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को



विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम की कमान विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ और पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि अंकित बासू व समाजसेवी सचिन मिश्रा समेत तमाम भाजपाइयों ने संभाली और कतारबद्ध श्रद्धालुओं को शुद्ध घी का हलवा और पुलाव वितरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बासू ने अयोध्याधाम में स्थापित श्रीराम मंदिर को हिंदू धर्म की आस्था का प्रतीक बताया। कहा कि यह देशवासियों के लिए सौभाग्य का क्षण है। विधायक प्रतिनिधि ने 500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में स्थापित हुए श्रीराम मंदिर को देश का गर्व बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश के लोगों की आस्था का केंद्र रहे मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को तंबू से निकालकर भव्य-दिव्य मंदिर में स्थापित किया गया। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व योग गुरु प्रकाश साहू, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी, सभासद आशीष गुप्ता, संतोष राजपूत, अनुरुद्ध त्रिपाठी दद्दा समेत तमाम रामभक्त शामिल रहे।

### हनुमान मंदिर में बांटा गया दिव्य प्रसाद

अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर शहर के कालू कुआं चौराहे पर हनुमान मंदिर के श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया और दीपोत्सव का आयोजन किया।

# सूची में किसी भी मतदाता का नाम न छूटे, गलत नाम न हो दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। राजनीतिक दलों के सभी प्रतिनिधि अपने बीएलए को जागरुक करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षक में 31 जनवरी व एक फरवरी को आवश्यक रूप से बूथ में उपलब्ध रहकर बीएलओ का सहयोग करें। इसके अलावा सभी बीएलए को अन्य सभी दिवसों में भी सक्रिय रखा जाए। रोल प्रेक्षक व आयुक्त अजीत कुमार ने गुरुवार को कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में आयोजित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2026 के संबंध में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में कोई भी मतदाता नाम सम्मिलित करने के लिए छूटने न पाए। किसी का नाम गलत अंकित न हो। आयुक्त ने कहा कि नोटिस की सुनवाई दिवस में बीएलए उपस्थित रहें तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नये मतदाताओं के फार्म-6 भरवाने के लिए डिग्री कॉलेजों के बच्चों के लिए कैम्प लगाये जाने तथा नवीनतम फोटो लगाये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र के निर्देशानुसार आगामी 31 जनवरी दिन शनिवार एवं एक फरवरी दिन रविवार को विशेष अभियान दिवस घोषित किया गया है, इस दिन सभी बीएलओ प्रातः 10:30 से 04:30 बजे तक बूथ पर उपस्थित होकर अर्ह मतदाताओं के फार्म-6, 7, 8 एकत्र करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदाताओं द्वारा अपना नाम, मतदाता सूची में देखने के लिए 06 फरवरी तक मतदान केन्द्रों पर एवं आयोग के वेब साइट पर देख सकते हैं। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जे. रीभा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, अपर आयुक्त भगवान दास, सभी उप जिलाधिकारी तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामवासियों की समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने ल्गांव की समस्या, गांव में समाधानङ्ग अभियान के तहत विकास खण्ड नेवादा की ग्राम-जरैनी में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी ने पुष्टाहार, पेंशन, शौचालय, राशन, कन्या सुमंगला योजना, आवास आदि योजनाओं के लाभ की स्थिति की जानकारी ली और छूटे हुए सभी पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने अध्यापकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, पाठ्य पुस्तकों के वितरण एवं शिक्षण कार्य की स्थिति के बारे में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने संतोषजनक स्थिति बताई। इस पर खण्ड शिक्षाधिकारी को शेष बच्चों के अभिभावकों के खातों में लंबित धनराशि शीघ्र हस्तांतरित कराने के



निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा में ग्रामीणों ने नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पर्याप्त सुविधाएं मिलने की जानकारी दी। पशुपालन से जुड़ी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कैम्प लगाकर पशुओं के टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूहों की प्रगति की समीक्षा में बी.एम.एम. एवं खण्ड विकास अधिकारी को नए समूह गठित करने, महिलाओं को लघु उद्यमों के लिए प्रेरित करने तथा उत्पादों की ब्रांडिंग व मार्केटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों में रामदास, शिवप्रसाद पाल, अमरनाथ सिंह, रमेश चन्द्र, वीरेन्द्र कुमार एवं संगीता यादव को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गये। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया। जिलाधिकारी ने खेल मैदान हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिये। मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे में ग्राम के 24 पात्र व्यक्तियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाएगा तथा किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की। अधिशासी अभियंता, जल निगम ने अवगत कराया कि जल-जीवन मिशन के अंतर्गत जून 2026 से ग्राम में जलापूर्ति प्रारंभ हो जायेगी।

ग्रामीणों द्वारा सायं समय विद्युत कटौती की समस्या उठाए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को रोस्टर का अवलोकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

## जिला अधिकारी ने टीकाकरण अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा सचल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपकाऽमुंहपका टीकाकरण अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा सचल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में खुरपकाऽमुंहपका टीकाकरण अभियान का सातवां चरण प्रारम्भ किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त गौवंशी एवं महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा (04 माह से छोटे तथा 08 माह से अधिक अवधि के ग्याबन पशुओं को छोड़कर)। खुरपकाऽमुंहपका एक विषाणुजनित संक्रामक रोग है, जिसके संक्रमण से पशुओं में तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह व पैरों में छाले, चारा न खाना, दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ग्याबन पशुओं में गर्भपात तक की स्थिति बन सकती है तथा समय पर उपचार न होने पर पशु की मृत्यु भी हो सकती है। इस रोग से बचाव का प्रभावी उपाय टीकाकरण ही है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम केन्द्र सरकार द्वारा पोषित एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों के द्वार पर उनके पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है। टीकाकरण से पूर्व पशुओं के कान में ईयर टैग लगवाना अनिवार्य है।

# शंकराचार्य के अपमान पर भड़का ब्राह्मण महासभा व विद्वत्त समाज

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा
- घटना में शामिल अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई झड़प के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ब्राह्मण महासभा धर्म सभा व विद्वत्त समाज ने घटना के विरोध में कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए शंकराचार्य का अपमान करने वाले दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और नवीन यूजीसी एक्ट वापस लेने की मांग की।

उत्तर प्रदेश प्रशासन ने प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान के लिए जाने से रोक दिया था। इसके बाद से बवाल मचा हुआ है। शंकराचार्य खुद भी धरने पर बैठे हुए है। इस बीच मेला प्राधिकरण ने उनके शिविर में लगे उस बोर्ड पर आपत्ति जता दी, और नोटिस जारी कर दी। इसी मुद्दे को लेकर ब्राह्मण महासभा धर्म सभा व विद्वत्त समाज उत्तर भारत केंद्रीय अध्यक्ष संतोष द्विवेदी की अगुवाई में पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरुवार को शंकराचार्य को अपमानित किए जाने के खिलाफ कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। संगठन पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसमें कहा जिस प्रकार से शंकराचार्य का अधिकारियों और मेला प्रशासन ने अपमान किया और संत समाज को लेकर दोहरी भूमिका निभाई जा रही उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एक तरफ भाजपा सरकार हिंदुओं की एकता की बात करती है तो दूसरी तरफ एससीएसटी एक्ट के कठोर प्रावधान व सवर्ण छात्रों के भविष्य पर कालिख पोतने वाला जातीय विद्वेष पैदा करने को नवीन यूजीसी राजपत्र ला रही है। राजा कृष्णकांत तिवारी ने शंकराचार्य के अपमान को 100 करोड़ हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाला बताया। इस मौके पर केंद्रीय महासचिव विपिन दीक्षित, अनिल मिश्रा, भोलानाथ मिश्रा, दिलीप तिवारी, राजेंद्र मिश्र, अमित सक्सेना, नरेंद्र अवस्थी, मनोज शुक्ला, मैथिलीशरण अवस्थी, जितेंद्र द्विवेदी, राजेश शुक्ला समेत तमाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## प्रद्युम्न निर्विरोध चुने गए सहकारी ग्राम विकास बैंक अध्यक्ष

नरैनी। सहकारी ग्राम विकास बैंक अध्यक्ष पद के लिए प्रद्युम्न द्विवेदी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नामांकन प्रक्रिया में कोई अन्य प्रत्याशी न होने के कारण उनका निर्वाचन तय था। चुनाव अधिकारी ने उन्हें विधिवत जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर सर्मथकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ब्लाक सभागार में गुरुवार को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। निर्वाचन अधिकारी व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा.राम नरेश उमराव व सहायक निर्वाचन अधिकारी व ग्राम अभियंत्रण विभाग प्रखंड अवर अभियंता संजय कुमार ने पनगरा निवासी प्रद्युम्न दुवेदी को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सौंपा। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने फूलों की माला से स्वागत कर खुशी जाहिर की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने वह सहकारी बैंक की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# वार्षिक अधिवक्ता डायरी का जिला जज ने किया विमोचन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर देहात। गुरुवार को माती न्यायालय कानपुर देहात में एकीकृत बार एसोसिएशन की वार्षिक अधिवक्ता डायरी का विमोचन जिला जज रवीन्द्र सिंह ने किया। होने वाले बार कौंसिल के चुनाव के लिए भी चर्चा की गयी। अधिवक्ता डायरी में महत्वपूर्ण जानकारी और आला अफसरों के मोबाइल नंबर भी मौजूद है। आम अधिवक्ता लाइब्रेरी काउंटर पर निर्धारित शुल्क जमा कराकर अधिवक्ता डायरी ले सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एकीकृत बार एसोसिएशन के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा भोला ने बताया कि अधिवक्ता डायरी में तहसील से लेकर जिले तक कि उपयोगी मोबाइल नंबर व लेख समाहित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी को मिलकर ऐसे प्रयास करने चाहिए कि वादकारियों को सस्ता और सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। इस मौके पर राजपाल यादव, लोकेंद्र सेंगर, प्रसून सचान, अदीप गौतम, गौरव यादव, शेर सिंह, विजय मिश्रा, योगेंद्र सिसोदिया, कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## कठिया गेहूं का दलिया व अचार बनाकर बुंदेली महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

बांदा। योगी सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर जिले की सैकड़ो महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपनी सफलता की नई कहानी लिख रही हैं। समूह से जुड़कर महिलाएं बुंदेलखंड का कठिया गेहूं की दलिया समेत अचार व गर्म मसाले बनाकर अच्छी कमाई कर रही हैं। बबेरू क्षेत्र के कुमहेड़ा व भभुआ गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 12 महिलाओं के समूह है। इसमें 120 महिलाएं जुड़ी हैं। यह महिलाएं बुंदेलखंड के कठिया गेहूं से दलिया बनाने के साथ कई तरह के अचार, मुरब्बे, बुकनू और गर्म मसाले बनाने का भी काम कर रही हैं।

**सूचना**

मेरे पुत्र श्रेयांश यादव के टीसी में पिता का नाम त्रुटिवश नरेन्द्र यादव है। जिसे नरेन्द्र सिंह यादव दर्ज किया जाये।

नरेन्द्र सिंह यादव
128/174, एच-2 ब्लाक
किदवई नगर, कानपुर

# कर्मचारियों की मौजूदगी में खाद का वितरण, एक प्रतिष्ठान का प्राधिकार पत्र निलंबित

- जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। जिले में उर्वरकों की सुचारु आपूर्ति और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग पूरी तरह सक्रिय है। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बताया कि जनपद के प्रत्येक विकास खंड में स्थित उर्वरक प्रतिष्ठानों पर कृषि विभाग के कर्मचारियों की स्वयं की उपस्थिति में नियमानुसार खाद का वितरण कराया जा रहा है। इस दौरान संबंधित प्रतिष्ठानों के अभिलेखों की भी गहन जांच की जा रही है।



उन्होंने बताया कि ब्लॉक असोहा में साधन सहकारी समिति चौपाई राम, मंगलम खाद भंडार; ब्लॉक बांगरमऊ में त्रिवेदी किसान सेवा केंद्र, साधन सहकारी समिति नवल, फराज खाद भंडार; ब्लॉक बिछिया में आईएफडीसी, सैनी खाद भंडार, साधन सहकारी समिति बिछिया तथा ब्लॉक सफीपुर में यादव खाद भंडार, तनुऽमनु खाद भंडार सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर विभागीय कर्मचारियों की मौजूदगी में उर्वरक वितरण कराया गया। जांच के

## हर्षोल्लास के साथ मनी राम जानकी शिव मंदिर की दूसरी वर्षगांठ

शुक्लागंज। आजाद मार्ग स्थित कैलाश बिहार कॉलोनी में स्थित श्री राम जानकी शिव मंदिर की दूसरी वर्षगांठ गुरुवार को अत्यंत हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को अखंड रामायण पाठ के साथ हुआ था, जिसका समापन गुरुवार सुबह विधिवत हवन-पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात, मुख्य आकर्षण के रूप में भगवान श्रीराम का भव्य राज्याभिषेक संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु का अभिषेक देख उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। सांस्कृतिक एवं धार्मिक छटारू राज्याभिषेक के बाद आयोजित भजन संध्या में भजन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु स्वयं को थिरकने से रोक न सके और पूरा मंदिर परिसर श्जय श्री रामश के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

# महोत्सव का भव्य आगाज़, 'रंग दे बसंती' के संदेश के साथ गूंजी राष्ट्रीय एकता

- सभी धर्मों के धर्मगुरु एक मंच पर, अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उन्नाव। जनपद में सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से देश को समर्पित सर्वधर्म महोत्सव का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। पहले दिन बदरका क्षेत्र में सर्वधर्म संसद से जुड़े विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं का आगमन हुआ। इस अवसर पर 'रंग दे बसंती' नामक विशेष कार्यक्रम के माध्यम से सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में भाईचारे, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन उन्नाव में अपनी तरह का



पहला कार्यक्रम है, जिसमें सभी प्रमुख धर्मों के धर्मगुरु एक साथ मंच साझा कर रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

कार्यक्रम के दौरान सभी धर्मगुरु बदरका स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद स्मारक स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने माल्यार्पण कर देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सर्वधर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि उन्नाव के इतिहास में यह पहली बार है जब सभी धर्मों के प्रमुख एक साथ मंच साझा कर समाज को एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि या बयान से कोई संबंध नहीं है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक सुरेंद्र वर्मा 'बाबा जी' ने बताया कि 23 जनवरी को रामलीला मैदान में सभी धर्मगुरुओं का मुख्य आगमन होगा, जहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इस सर्वधर्म महोत्सव को उन्नाव के इतिहास में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया।आयोजकों ने दोहराया कि इस महोत्सव का मूल उद्देश्य समाज में प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है, ताकि सभी धर्मों के लोग मिलकर एक मजबूत और एकजुट भारत का निर्माण कर सकें।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 12.02.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00902026 दिनांक 21.01.2026 | | |
| 2 | निविदा संख्या | क्रम सं. 1 | 34-SrDEN-I-LKO-2025-26 | |
| | | क्रम सं. 2 | 35-SrDEN-I-LKO-2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के क्षेत्र में वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/लखनऊ के क्षेत्र में क्वार्टरों की मरम्मत जैसे प्लास्टर, सामेंटी, रंगाई, पेंटिंग, दरवाजे, जल आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग, छोटे पुलों और एलओबी का सुधार, एलसी (लेवल क्रॉसिंग सं. 213, 211, 207, 205, 204, 219, 222, B-सी) और आरयूबी पर सड़क की सतह की मरम्मत एवं आलम नगर स्टेशन के प्रवेश द्वार और प्रवेश द्वार पर नाली आदि की मरम्मत | |
| | | क्रम सं. 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के उपमंडल में विविध ट्रैक कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,04,99,960.04 | |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 6,89,99,658.31 | |
| 5 | धरोहर राशि | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,52,500.00 | |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 5,00,000.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | क्र.सं. 1 के लिए 29.01.2026 | क्र.सं. 2 के लिए | 29.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 के लिए | 12.02.2026 at 15.00 hrs. | |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | 12.02.2026 at 15.00 hrs. | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 234/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गन्ना भुगतान में देरी से किसान मजबूर, मिल यार्ड की लाइनें पड़ी खाली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। गन्ना मूल्य का समय से भुगतान न होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश गन्ना किसान मजबूरी में अपना गन्ना कोल्हू व क्रेशर पर बेचने को विवश हैं। इसी कारण चीनी मिल यार्ड में गन्ना सप्लाई की स्थिति बेहद कमजोर दिखाई दे रही है और मिल यार्ड की सॉरी गन्ना लाइनें खाली पड़ी हैं।

इस संबंध में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में जो थोड़ा-बहुत गन्ना चीनी मिल तक पहुंच रहा है, वह उन किसानों के सहयोग से है जिनके पास आय के अन्य संसाधन हैं। ऐसे किसान अतिरिक्त धन के बल पर अन्य किसानों से कुछ कम दामों में गन्ना खरीदकर मिलों को सप्लाई कर रहे हैं, जिससे उन्हें एक पर्ची पर तीन से चार हजार रुपये तक का लाभ हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे गलत नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि किसान नगद पैसे की जरूरत में स्वेच्छा से गन्ना बेच रहा है और जैसे-तैसे अपना कृषि कार्य चला रहा है। यदि यही गन्ना एक साथ कोल्हू व क्रेशर पर पहुंच गया, तो गन्ने का मूल्य और अधिक गिर सकता है। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की हितैषी होने का दावा करती है, लेकिन बजाज ग्रुप की चीनी मिलों से गन्ना भुगतान कराने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पंजाब सरकार कैबिनेट बैठक कर गन्ना किसानों को 68.50 रुपये की सब्सिडी देने जा रही है, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ने की बढ़ती लागत के बावजूद लाभकारी मूल्य में केवल 30 रुपये प्रति कुंतल की मामूली बढ़ोतरी की है, जो पहले से ही पंजाब में दी जा रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि मिलों को गन्ना कम मिलने का एक बड़ा कारण अस्वीकृत प्रजातियों के गन्ने का मूल्य न बढ़ाया जाना है। पहले अस्वीकृत प्रजातियों का मूल्य अर्ली प्रजाति से 25 रुपये कम होता था, लेकिन इस बार मूल्य में कोई बढ़ोतरी न होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ये प्रजातियां भी गन्ना शोध संस्थानों द्वारा विकसित की गई थीं और इनका उत्पादन अच्छा था, लेकिन अधिक रिकवरी के कारण मिलें केवल अर्ली प्रजातियों को ही प्राथमिकता दे रही हैं।

श्री दीक्षित ने आरोप लगाया कि गन्ना विकास विभाग अब किसानों के बजाय केवल चीनी मिलों के पक्ष में काम कर रहा है। यदि ऐसा न होता तो मध्य एवं देर से पकने वाली गन्ना प्रजातियों की बुवाई के लिए किसानों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाता। सरकार की इन्हीं नीतियों के चलते गन्ना किसान कर्ज के दलदल में फंसता जा रहा है और ब्याज पर ब्याज चुकाने को मजबूर है, जबकि न्यायपालिका के आदेश के बावजूद अब तक अविलंब भुगतान पर मिलने वाला ब्याज किसानों को नहीं दिया गया।

उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों का सब्र अब टूटने की कगार पर है। अभी भी समय है कि सरकार गन्ना भुगतान शीघ्र कराए, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरे और चीनी मिलों को भी पर्याप्त गन्ना उपलब्ध हो सके।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण-रुक्मणी विवाहोत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। मैलानी स्थित सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठ दिवस पर कृष्णऽरुक्मणी विवाहोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास व भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने कथा का रसपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अधर्म और आतंक के अंत के लिए हुआ। उन्होंने वृंदावन से मथुरा जाकर धनुष भंग, कुवलयापीड़ हाथी का वध तथा कंस का संहार किया। इसके उपरांत गुरुकुल में सान्दीपनि मुनि से शिक्षा प्राप्त की, जहां सुदामा जैसे परम मित्र मिले और 64 दिनों में 64 कलाओं का ज्ञान अर्जित किया। कथा के दौरान उद्धवऽवृंदावन प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य ने कहा कि ज्ञान के साथ प्रेम का होना आवश्यक है, बिना प्रेम के जीवन निरस हो जाता है। इसके पश्चात कृष्णऽरुक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। बताया गया कि भीष्मक राजा की पुत्री रुक्मणी का विवाह शिशुपाल से तय किया गया था, किंतु रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना वर चुना। पत्र प्राप्त होते ही द्वारकाधीश स्वयं रथ हांकते हुए कुंडिनपुर पहुंचे और सभी बाधाओं को पार कर रुक्मणी का हरण कर उन्हें द्वारका ले आए। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की पहली बारात बड़े धूमधाम से निकली और विवाह उत्सव उल्लासपूर्वक सम्पन्न हुआ।

विवाहोत्सव के दौरान पूरा पंडाल भक्ति से सराबोर रहा। श्रद्धालु भजनों पर झूमते-नाचते रहे और ह्लमोहे प्यारो लागे सांवरियाङ्क जैसे भजनों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर पूरनपुर नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, खुटार नगर अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, कल्पना गुप्ता, मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी, गुरमीत कौर सहित गोला से आए भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय महेश्वरी, श्याम बाबा समिति सदस्य प्रमोद शर्मा, मीना शर्मा, संगीता यादव, अंशु महेश्वरी, संगीता महेश्वरी, देवेंद्र कटिहार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रीराम मंदिर की द्वितीय प्राण-प्रतिष्ठा पर भीरा में भव्य शोभायात्रा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की द्वितीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भीरा क्षेत्र में भारतीय बजरंग दल की विधानसभा पलियाऽभीरा इकाई द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा अद्भुत साईं धाम मंदिर से प्रारंभ होकर भीरा, मेडईपुरवा, धर्मापुर होते हुए छाजू राम इंटर कॉलेज, भीरा में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया, वहीं जगह-जगह लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री अशोक जोशी, जिला प्रभारी अमित मिश्रा (एडवोकेट), जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, राहुल शर्मा, अभिषेक पटेल, विधानसभा पलिया अध्यक्ष विवेक मिश्रा, नगर अध्यक्ष भीरा सुमित कुमार, अनिल गुप्ता सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य प्रभु श्रीराम के आदर्शों को समाज में स्थापित करना तथा धार्मिक व सामाजिक एकता को सुदृढ़ करना है।

## सनातन रक्षा दल के जिला अध्यक्ष बने उमाचरण



लखीमपुर खीरी। सनातन रक्षा दल संगठन ने उमाचरण को लखीमपुर खीरी जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के केंद्रीय/प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से की गई। नियुक्ति पत्र दिनांक 22 जनवरी 2026 को जारी किया गया। नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। संगठन नेतृत्व ने विश्वास जताया कि उमाचरण अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे तथा सामाजिक हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मनोनयन पत्र पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज भाई (मिश्रा) एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनिल कुमार सिंह के हस्ताक्षर हैं। संगठन ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# एसआईआर के जरिए भाजपा लोगों से मतदान अधिकार छीनना चाहती है : धनंजय उपाध्याय

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



पलियाकला खीरी। पलिया नगर पहुंचे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता धनंजय उपाध्याय ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रदेश में चल रहे एसआईआर ''विशेष मतदाता पुनरीक्षण,, की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एस आईआर में आ रही दिक्कतों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की इस अवसर पर धनंजय उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद से जनता को केवल कागजों में उलझाकर रखा गया है। अब एसआईआर के माध्यम से आम लोगों से उनके मतदान के अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में कोई ठोस विकास कार्य नहीं किया है। धनंजय उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने पीडीए के जननायक अखिलेश यादव पर जिस प्रकार विश्वास जताया, उससे भाजपा सरकार पूरी तरह बौखला गई है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में आरक्षण और संविधान के खिलाफ काम करने वालों को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और प्रदेश एक बार फिर विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव का बनना तय है। बैठक में रिसाल अहमद, यादवेंद्र गौतम, फुरकान अंसारी, गुरप्रीत सिंह नन्नर, विमलेंद्र गौतम, राजा खान, ऐनूफ बेग (एडवोकेट), राकेश कुमार, जमाल अहमद, जावेद अली, मुकेश सहित बड़ी संख्या में स्थानीय

# संक्षिप्त समाचार

## एसआईआर को लेकर गोला में विधायक अमन गिरी की बैठक

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला विधायक अमन गिरी ने गुरुवार को सच्चिदानंद ट्रस्ट धर्मशाला में बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। यह बैठक मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बुलाई गई थी। बैठक में विधायक अमन गिरी ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथ को स्वयं मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। इस संबंध में नगर पंचायत चेयरपर्सन कीर्ति माहेश्वरी ने कहा कि उन्हें बैठक की कोई सूचना नहीं दी गई थी। वहीं भाजपा नेत्री गुरमीत कौर ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत चेयरपर्सन सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं को एसआईआर बैठक में न बुलाए जाने से संगठन में आपसी गुटबाजी बढ़ रही है, जिसका असर आगामी चुनावों में पार्टी को झेलना पड़ सकता है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मिश्रा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, महामंत्री प्रदीप शर्मा, बाल गोविंद कुशवाहा, सरस्वती धुरिया, पूजा यादव, सुनील बाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोहम्मदी में कानूनगो 5 हजार की घूस लेते गिरफ्तार जमीन की मेड बंदी के लिए मांगे थे पैसे, एंटी करप्शन टीम ने दबोचा



मोहम्मदी खीरी। एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोहम्मदी तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) भूपेंद्र सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जमीन मेड बंदी से जुड़ी शिकायत पर की गई।गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम आरोपी कानूनगो भूपेंद्र सिंह को मोहम्मदी थाने लाई, जहां उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।परेशान होकर पीड़ित ने अंततः एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने जाल बिछाकर मौके पर राजस्व निरीक्षक भूपेंद्र सिंह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना मोहम्मदी में अभियोग पंजीकृत कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।

## तीसरे दिन भी जारी रहा लोक जन संघर्ष पार्टी का धरना प्रदर्शन, नही पहुंचा कोई अधिकारी

अज़ान खीरी। ब्लाक कुम्भी की ग्रामपंचायत बांसगांव के बार्ड संख्या 7 में गांव की कई समस्याओं की जांच व समाधान की मांग को लेकर लोक जन संघर्ष पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामनिवास शुक्ल द्वारा किया जा रहा सत्याग्रह धरना प्रदर्शन बृहस्पतिवार तीसरे दिन भी जारी रहा।जिसमें अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी है। प्रमुख मांगों में 1.पंचायत द्वारा दोहरी कार्य योजनाओं को दिखाना, 2. लगे हुए इंटरलॉक की कार्य योजना ना दिखाना,3. वार्ड नंबर 7 को बिल्कुल विकास कार्य से वंचित रखना, 4. ब्लाक से बने हुए इंटरलॉक को पंचायत द्वारा बनवाया दिखाना, 5. विद्यालय प्रांगण के बेचें गए सेमल के पेड़ के पैसे किसी मद में न जमा करना तथा आधे अधूरे कार्यों को लेकर जारी धरना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों को संबोधित करते हुए महासचिव रामनिवास शुक्ला ने कहा धरना प्रदर्शन के बारे में शासन-प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बाद भी धरना स्थल पर किसी भी अधिकारी का न पहुंचना भृष्टाचार होने को सिद्ध करता है। जिम्मेदार लोग स्पष्टीकरण नहीं दे पा रहे हैं, जबकि शिकायत किये हुए एक वर्ष हो चुका है ,इसमें प्रशासनिक कर्मचारी-अधिकारियों की घोर लापरवाही सिद्ध हो रही है।

# छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का भव्य समापन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




- चाइनीज मांझे के बहिष्कार का लिया गया सामूहिक संकल्प

गोला गोकर्णनाथ खीरी। चाइनीज मांझे से होने वाली मानव, पशु एवं पर्यावरणीय क्षति के विरुद्ध नगर पालिका परिषद गोला के अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' एवं गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का समापन समारोह रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) अवध प्रांत मंत्री अर्पणा कुशवाहा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंजुमन इदरीसी के सदर जमाल अहमद इदरीसी, गुरु हरिकिशन इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमन गिरि ने की। इस अवसर पर आयोजक नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' द्वारा जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अर्पणा कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि छोटी काशी पतंग महोत्सव केवल मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं, पक्षियों की मृत्यु एवं पर्यावरणीय नुकसान के प्रति समाज को जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से चाइनीज मांझे के पूर्ण बहिष्कार का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अध्यक्ष विधायक अमन गिरि ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक चेतना को मजबूत करते हैं और सुरक्षित परंपराओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि सुरक्षा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ा जनआंदोलन है, जिसे आने वाले वर्षों में और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व हॉकी चयनकर्ता विश्वनाथ सिंह, पूर्व खेल शिक्षक श्याममूर्ति शुक्ला, डीएफओ आशुतोष कुमार गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, पूर्व प्रधानाचार्य श्रीराम गुप्ता, करम सिंह, पूर्व शिक्षक माधान्ता शर्मा, डॉ. सुरचना त्रिवेदी एवं प्रमुख व्यवसायी अजय वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पतंग प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. योगेश कन्नौजिया, राजेंद्र सोनी, डॉ. सौरभ दीक्षित, एडवोकेट सुमित शाह, डॉ. आदर्श दीक्षित एवं कुलदीप तिवारी शामिल रहे। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन संजीव दीक्षित द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे, सीनियर वर्ग में विकास यादव प्रथम, विकास कुमार द्वितीय, अमर सिंह तृतीय तथा अमन सक्सेना चतुर्थ स्थान पर रहे।

# जमुनहा में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, 46 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। विकास क्षेत्र बांकेगंज के ग्राम जमुनहा में ग्राम प्रधान सचिन वर्मा एड की देखरेख में डॉक्टर श्राप चैरिटी आई हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

नेत्र परीक्षण के दौरान कुल 110 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिनमें 46 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित चिन्हित किया गया। वहीं 32 मरीजों को निःशुल्क चश्मा एवं आई ड्रॉप वितरित किए गए। अन्य मरीजों को आवश्यक परामर्श व उपचार संबंधी सलाह दी गई।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र रोगों की समय रहते पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों की आंखों की रोशनी सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर डॉक्टर सूफी, कोऑर्डिनेटर समर, शोभित कुमार, अमित राठौर, प्रभाकर, मुस्कान, रंजना, राधा, सोनम, मोहिनी, उपासना, देविका, रेखा, कंचन सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बजरंग दल ने निकाली अलग-अलग क्षेत्रों में भव्य शोभा यात्रा व बाइक रैली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में और विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप की अध्यक्षता में श्री राम दरबार एवं हनुमान दरबार की झांकी प्रस्तुत कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। ग्राम अहमदनगर के क्लेश हरण मंदिर से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा धोररहा, मनिकापुर आदि ग्रामों से होकर पुनः ग्राम अहमदनगर में सम्पन्न हुई। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक बांकेगंज के ब्लॉक उपाध्यक्ष निखिल कुमार की अध्यक्षता में ग्राम बुझिया से कुंवरपुर व कई ग्रामों से होकर संसारपुर से भरिगवा चौराहे तक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो भरिगवा श्री हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें हिंदू धर्म के प्रति जागरूक रहना चाहिए और हर गांव में श्री हनुमान चालीसा का पाठ अधिक से अधिक करवाना चाहिए। दूसरी ओर, राकेश कनौजिया ने कहा कि हमें गांव-गांव जाकर हिंदू एकता का संदेश देना है। शोभा यात्रा और बाइक रैली में जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा, नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, नगर महामंत्री विकास कनौजिया, विधानसभा उपाध्यक्ष चंचल कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष कुंभी संजय सिंह चौहान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह चौहान, जिला संयुक्त मंत्री पुष्पेंद्र सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी पंकज शुक्ला, ग्राम प्रधान मुकेश गुप्ता, जिला संयुक्त एएचपी अशोक जायसवाल, अंशु वर्मा, मनोज वर्मा, सुरेश वर्मा, अनूप वर्मा, एडवोकेट प्रशांत श्रीवास्तव, करन, अरविंद कश्यप, अरविंद मौर्य, विवेक मिश्रा, ठाकुर पंकज सिंह, विपिन भास्कर, आकाश भारती, विशाल वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, वाहन स्वामी की सतर्कता से पुलिस को मिली सफलता

उन्नाव। अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली सदर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कार्रवाई के अंतर्गत हुई। पुलिस के अनुसार 22 जनवरी 2026 को रेलवे स्टेशन क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे आरोपी को वाहन स्वामी ने सतर्कता दिखाते हुए पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी को तत्काल पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में अभियुक्त की पहचान राजन उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र रवि सिंह, निवासी हसनपुर खेवली, थाना सुशांत गोल्फ सिटी, जनपद लखनऊ के रूप में हुई।वादी की तहरीर पर थाना कोतवाली सदर में मु0अ0स0 37/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# सीमा पर खुशियों का सवेरा

## योगी सरकार के सुशासन से चौगुर्जी गांव में रचा गया इतिहास

- सीएम के मार्गदर्शन और डीएम की सक्रिय पहल से 109 परिवारों की बदली तकदीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। भारत-नेपाल सीमा पर बसा चौगुर्जी गांव, जो वर्षों तक दुर्गम भूगोल और संसाधनों की कमी के कारण विकास से कटे रहने को मजबूर था, आज योगी सरकार के सुशासन मॉडल का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की प्रशासनिक सक्रियता से इस सीमांत गांव के 109 परिवारों की तकदीर बदल गई है।गुरुवार को कर्णाली और मोहना नदी पर बने नए पांटून पुल का लोकार्पण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं निघासन विधायक शशांक वर्मा द्वारा किया गया। यह पुल अब केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि गांव के लिए जीवनरेखा साबित हो रहा है। जहां पहले गांव तक पहुंचने में करीब दो घंटे का समय लगता था, वहीं अब एंबुलेंस, स्कूल बस और अन्य आवश्यक सेवाएं मिनटों में उपलब्ध हो सकेंगी। शुद्ध जल से स्वस्थ जीवन, आर्सेनिक से मिली मुक्ति जल जीवन मिशन के तहत चौगुर्जी गांव के सभी 109 परिवारों को नल से शुद्ध पेयजल की सुविधा प्रदान की गई है। वर्षों से आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर ग्रामीणों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। नलों से बहता स्वच्छ पानी सरकार की योजनाओं के धरातल पर उतरने का प्रमाण है। गांव में 20 सोलर स्ट्रीट लाइटों का लोकार्पण किया गया, जिससे चौगुर्जी की गलियां रोशनी से जगमगा उठीं।

इससे न केवल सुरक्षा बढ़ी है, बल्कि सामाजिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। शिक्षा को मिली नई उड़ान परिषदीय विद्यालयों में सोलर विद्युत, स्मार्ट क्लास और नया फर्नीचर उपलब्ध कराकर सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सीमांत क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाएगा। अब चौगुर्जी के बच्चे डिजिटल शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ सकेंगे। ग्रामीणों की जुबानी ग्रामीणों ने कहा कि यह दिन उनके जीवन का ऐतिहासिक मोड़ है।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत सैमसन और किशन पर रहेगी नजर

एजेंसी

रायपुर। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी। वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा। श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी। कवर पर कैच आउट होने से पहले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी संक्षिप्त पारी में



अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के अधिकतर खिलाड़ी शुरू में ही हर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की कोशिश में पूरी ताकत से बल्लेबाजी करते हैं। किशन भी इसी निडर रवैये को जारी रखेंगे और उम्मीद कर सकते हैं कि इसका उन्हें फायदा मिले। आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए, इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन ने विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को खतरनाक संकेत दिए हैं, जहां भारत मौजूदा चैंपियन के रूप में उतर रहा है। अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है।

## जिन चीजों पर मेरा नियंत्रण नहीं है, उनको लेकर परेशान नहीं होना चाहता: अर्शदीप

एजेंसी

नागपुर। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ऐसी किसी परिस्थिति में भी सकारात्मक पक्ष ढूंढ लेते हैं जो उनके अनुकूल नहीं हो और यही वजह है कि वह हर तरह की परिस्थितियों में खेल का पूरा आनंद लेते हैं। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से भारतीय टीम में लगातार अंदर-बाहर होते रहे इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज से पूछा गया कि क्या टीम में लगातार होने वाले बदलावों ने उन्हें प्रभावित किया है। अर्शदीप ने मुस्कुराते हुए कहा, ''जैसे मैं टीम से अंदर-बाहर होता हूं, उसका अपना फायदा भी है। मेरी गेंद भी अंदर-बाहर जाती है। इसलिए मैं इसका आनंद ले रहा हूं। अर्शदीप ने इस तरह से सबको याद दिलाया कि चयन न होने से गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने की उनकी क्षमता पर जरा भी असर नहीं पड़ा है। अर्शदीप ने 73 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 111 विकेट लिए हैं और वह अभी भी सबसे छोटे प्रारूप में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें हाल के महीनों में टीम संयोजन के लिए अक्सर नजरअंदाज किया गया है। भारत ने 2025 में 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जिनमें से अर्शदीप केवल 13 मैच में ही खेल पाए। इस प्रारूप में प्रभावशाली रिकॉर्ड होने के बावजूद उन्हें एशिया कप के अधिकतर मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं दी गई। अर्शदीप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में भारत की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मेरा काम हर समय तैयार रहना है और जब भी टीम मुझे किसी भी प्रारूप में नई या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने के लिए कहेगी, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मेरा लक्ष्य इस सफर का आनंद लेना, वर्तमान में बने रहना और जो मेरे नियंत्रण में है उस पर ध्यान केंद्रित करना है। जो (चयन) मेरे नियंत्रण में नहीं है उसके बारे में मुझे चिंता नहीं करनी चाहिए। अर्शदीप ने मैच की विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने की चुनौती के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ''जब आपको बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच मिलती है तो आप यही प्रार्थना करते हो कि, 'हे भगवान, आज मुझे बचा लो'। टीम की बैठकों में रणनीति तैयार की जाती है और हमारा काम मैच के दिन उस पर अमल करना होता है। अगर आप अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करते हैं तोअक्सर आपको अच्छे परिणाम मिलते हैं। इस 26 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, ''हमें यह जानना होगा कि किसी विशेष पिच पर किसी विशेष बल्लेबाज के खिलाफ कौन सी रणनीति कारगर साबित होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जब स्थिति सामान्य हो जाएगी, तब 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई सामने आ जाएगी: गंभीर

नयी दिल्ली। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इस प्रचलित धारणा को खारिज कर दिया है कि टीम चयन में उनके पास 'असीमित अधिकार' हैं और कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा उनकी भूमिका को 'प्रधानमंत्री के बाद सबसे मुश्किल काम' बताने के बाद खुद को 'अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किए जाने' पर उन्होंने हैरानी जताई है। क्रिकेट के शौकीन थरूर ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले गंभीर के साथ एक सेल्फी साझा की और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज की लगातार आलोचनाओं के बावजूद अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उनकी प्रशंसा व्यक्त की। थरूर ने ट्वीट किया, ''नागपुर में मेरे पुराने मित्र गौतम गंभीर के साथ अच्छी और खुलकर बातचीत का आनंद लिया, जो प्रधानमंत्री के बाद भारत में सबसे मुश्किल काम संभाल रहे हैं। लाखों लोग रोजाना उन पर सवाल उठाते हैं, लेकिन वे शांत रहते हैं और पूरी निर्भीकता के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं। उनके शांत दृढ़ संकल्प और सक्षम नेतृत्व के लिए प्रशंसा के कुछ शब्द। उन्हें आज से ही सभी सफलताओं की शुभकामनाएं। गंभीर ने इस पर देर रात जवाब दिया और उन कुछ चर्चाओं का जिक्र किया जो उनके कार्यकाल में हावी रही हैं। गंभीर ने एक्स पर लिखा, ''डॉ. शशि थरूर आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जब मामला शांत हो जाएगा तब कोच के कथित 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई और तर्क स्पष्ट हो जाएंगे। तब तक मुझे खुद के खिलाफ खड़ा देखकर हंसी आ रही है। जब से गंभीर ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, तब से टीम में तीनों प्रारूपों में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सूर्यकुमार यादव को भारत का टी20 कप्तान नियुक्त करने से लेकर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने तक टीम में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। इस दौरान शुभमन गिल को टेस्ट और वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त किया गया था।

### फिनिशर की भूमिका में खरे उतरे टीम से अंदर बाहर होने वाले रिंकू सिंह

**रायपुर।** रिंकू सिंह को भले ही भारतीय टीम की तरफ से खेलने के बहुत कम मौके मिल रहे हों लेकिन जब भी उन्हें अवसर मिलता है तब उन्होंने डेथ ओवरों में अपना खास प्रभाव छोड़ा जिसकी एक बानगी नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान देखने को मिली। सितंबर में एशिया कप में एकमात्र गेंद पर चौका लगाकर जीत दिलाने के बाद रिंकू ऑस्ट्रेलिया में टी20 श्रृंखला के अधिकतर मैचों में बेंच पर ही बैठे रहे। जिस एकमात्र मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिली उसमें उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले रिंकू ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच आठ नवंबर को ब्रिस्बेन में खेला था। नागपुर में उन्होंने हालांकि केवल 20 गेंदों पर 44 रन बनाकर मैच का रुख बदलने वाली पारी खेली। कामचलाऊ गेंदबाज डैरिल मिचेल के पारी 20वें ओवर में उन्होंने दो छक्के और एक चौका लगाया जिससे भारत सात विकेट पर 238 रन बनाने में सफल रहा। इससे पहले शुभमन गिल के शीर्ष क्रम में होने से रिंकू के लिए अंतिम एकादश में जगह बनाना मुश्किल हो गया था। अब गिल के टीम से बाहर होने के बाद रिंकू को अंतिम एकादश में जगह मिली। इससे टीम प्रबंधन विकेटकीपर संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में अधिक समय दे सकता है, क्योंकि निचले क्रम में रिंकू और हार्दिक पंड्या जैसे अच्छे फिनिशर मौजूद हैं। रिंकू की सबसे उल्लेखनीय क्षमता यह है कि वह खासकर तेज गेंदबाजों के खिलाफ पहली ही गेंद से लय हासिल कर लेते हैं। पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने रिंकू को विश्व कप की टीम में शामिल करने के बारे में अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''हम सभी हार्दिक की फिनिशर के रूप में असाधारण क्षमता से अवगत हैं। अब जब संजू सैमसन शीर्ष क्रम पर जमे हुए हैं और ईशान किशन विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में वापस आ गए हैं, तो क्या बचा है। उन्होंने कहा, ''आखिरी ओवरों में हार्दिक के साथ एक फिनिशर की जरूरत होती है। रिंकू से बेहतर यह कौन कर सकता है। जितेश शर्मा स्पिनरों के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी करते हैं, लेकिन तेज गेंदबाजी और पारी के आखिर में रिंकू के आंकड़े और रिकॉर्ड शानदार हैं। इसलिए टीम ने उन्हें मौका दिया। रिंकू के 19वें और 20वें ओवर में आंकड़े चौंका देने वाले हैं। रिंकू ने 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19वें और 20वें ओवर में 74 गेंदों पर 213 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 287.83 रहा है। उन्होंने मैच के इस निर्णायक मोड़ पर 22 छक्के जड़े हैं। एक फिनिशर के रूप में उनकी दक्षता को देखते हुए यह आश्चर्य की बात नहीं है कि उनके करियर के 35 प्रतिशत से अधिक रन पारी के अंतिम दो ओवरों में आए हैं। रिंकू ने बुधवार को भी हमेशा की तरह शांत और सहजता से बल्लेबाजी की।

### लिवरपूल, चेल्सी, न्यूकैसल का चैंपियंस लीग में शानदार प्रदर्शन, बार्सिलोना भी जीता

**मैनचेस्टर।** इंग्लिश प्रीमियर लीग की टीमें चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और इंग्लैंड के शीर्ष पांच क्लब अंतिम 16 में पहुंचने की स्थिति में हैं। आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर है और उसने पहले ही अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि बुधवार को लिवरपूल, न्यूकैसल और चेल्सी की जीत ने उन्हें लीग चरण का एक मैच शेष रहते हुए अगले दौर में स्वतः जगह बनाने की स्थिति में पहुंचा दिया है। टॉटेनहम पांचवें स्थान पर है, जबकि मैनचेस्टर सिटी प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में है। मार्सिले में 3-0 से जीत के बाद लिवरपूल चौथे स्थान पर है। न्यूकैसल ने पीएसवी आइंडहोवन को इसी अंतर से हराया और चेल्सी ने पाफोस के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। बायर्न म्यूनिख दूसरे स्थान पर है और आर्सेनल के साथ अंतिम 16 में पहुंच गया है। उसने हैरी केन के दो गोल की मदद से यूनियन सेंट-गिलोइस को 2-0 से हराया। स्लाविया प्राग पर 4-2 की जीत के बाद बार्सिलोना नौवें स्थान पर है और अगले राउंड में पहुंचने के लिए उसे प्लेऑफ से गुजरना पड़ सकता है।

## सिंधू, लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफ़ेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फ़ेई से होगा। सिंधू और फ़ेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फ़ेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है।

## जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 399वीं जीत से तीसरे दौर में, कीज भी आगे बढ़ी

एजेंसी

मेलबर्न। रिकॉर्ड 10 बार के विजेता नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ भी आगे बढ़ने में सफल रही। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंड स्लैम एकल मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है। जोकोविच ने तीसरे सेट के छठे गेम में सर्विस गंवाई लेकिन अगले गेम में उन्होंने मैस्ट्रेली की सर्विस तोड़कर



5-2 की बढ़त बना ली। बाद में जोकोविच ने लगातार आठ अंक जीतकर मैच अपने नाम किया। वह मेलबर्न पार्क में अपना 11वां और कुल मिलाकर 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में हैं। जोकोविच ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, ''कल तक मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उसकी सर्विस दमदार है। उसका खेल भी शानदार है। उसे बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उसमें बड़े शॉट लगाने की क्षमता है। तीसरे दौर में जोकोविच का सामना बोटिक वैन डे ज़ैंड्सचल्प से होगा, जिन्होंने शांग जुनचेंग को 7-6 (6), 6-2, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज़ को दूसरे सेट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन आखिर में उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी एशलीन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। पहले सेट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ दूसरे सेट में 5-2 से पिछड़ गईं, लेकिन जॉन केन एरिना में उन्होंने जोरदार वापसी करने का शानदार नमूना पेश किया और लगातार पांच अंक हासिल करके जीत दर्ज की। कीज़ ने कहा, ''मुझे लगता है कि मैंने बहुत अच्छी शुरुआत की और एशलिन ने थोड़ी धीमी शुरुआत की। मुझे पूरी उम्मीद थी कि वह अपने खेल का स्तर बढ़ाएगी और उसने ऐसा किया भी लेकिन मैंने वापसी के लिए अपनी तरफ से पुरजोर कोशिश जारी रखी और आखिर में उसमें सफल रही। कीज़ का अगला मुकाबला कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने इंडोनेशिया की जेनिस ट्जेन को 6-4, 6-4 से हराया। अमेरिका की खिलाड़ियों के बीच खेले गए एक अन्य मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मैककार्टनी केसलर को 6-0 6-2 से हराया जबकि विश्व में चौथे नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-1, 6-4 से पराजित किया। अनिसिमोवा अब हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टर्न्स का सामना करेगी। पेगुला का अगला मुकाबला ओक्साना सेलेखमेतेवा से होगा, जिन्होंने 2025 की सेमीफाइनलिस्ट पाउला बडोसा को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफ़ेर किया।

## वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी का जादूगर है: गावस्कर

नागपुर। बल्लेबाजी के दिग्गज सुनील गावस्कर ने वरुण चक्रवर्ती को गेंदबाजी का जादूगर करार दिया क्योंकि यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी चालाकी और अनोखी विविधताओं से बल्लेबाजों को लगातार चकमा दे रहा है। बुधवार को यहां खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर भारत की जीत में चक्रवर्ती ने महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट लिए। गावस्कर ने जिओहॉटस्टार से कहा, ''वरुण थोड़ा लय से बाहर लग रहा था, लेकिन यह समझ में आता है। उसने दो विकेट लिए और जब बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे तब भी उसकी इकॉनमी रेट काफी अच्छी थी। महत्वपूर्ण बात यह है कि उसकी बॉडी लैंग्वेज अच्छी थी। उन्होंने कहा, ''जब भी वह थोड़ा रन लुटा लेता है तो उसकी बॉडी लैंग्वेज थोड़ी बदल जाती है लेकिन आज ऐसा नहीं हुआ। उसकी गेंदों पर दो छक्के लगने के बावजूद उस पर किसी तरह का असर नहीं दिख रहा था जो अच्छा संकेत है। इसमें कोई संदेह नहीं कि वह गेंदबाजी का जादूगर है। वह शानदार गेंदबाजी करता है।

## धीमी पिच से खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी: पोलाक

एजेंसी

डरबन। दक्षिण अफ्रीका में एसए20 लीग के दौरान इस्तेमाल हो रही सतहों को उनकी धीमी प्रकृति के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रिटोरिया कैपिटल्स के सहायक कोच शॉन पोलाक ने बुधवार को कहा कि भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इससे खिलाड़ियों को तैयारी में मदद ही मिलेगी। एसए20 के मौजूदा सत्र के दूसरे हॉफ में सिर्फ एमआई केपटाउन की टीम ही 200 रन के आंकड़े को पार कर पाई जबकि कई बार खिलाड़ियों को बड़े शॉट खेलने के लिए जूझते हुए देखा गया। प्रिटोरिया कैपिटल्स के पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश करने के बाद पोलाक ने चुनिंदा भारतीय संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इस टूर्नामेंट के आखिर में कुछ पिच विश्व कप के लिए जाने वाले खिलाड़ियों की तैयारी के लिहाज से अच्छी हैं क्योंकि गेंद रुककर आ रही है और स्पिन कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे खेलने के समय में, हम तेज पिच पर खेलने के आदी थे जिन पर गेंद तेजी से निकलती थी लेकिन हमने (पिछले कुछ मुकाबलों में) स्पिन को काफी असरदार होते देखा है इसलिए जो खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्हें शायद तैयारी करने में मदद मिल रही है। टी20 विश्व की शुरुआत सात फरवरी से होगी जबकि इसका फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर पोलाक का हालांकि मानना है कि इस तरह की पिचों को देखते हुए 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले इस टूर्नामेंट की पिच तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। पोलाक ने कहा, ''उस चरण में पिचें बिल्कुल अलग होंगी। आपके पास उन्हें तैयार करने के लिए अधिक समय है। मुझे कोई चिंता नहीं है।'' दक्षिण अफ्रीका के लिए 800 से अधिक विकेट और सात हजार से अधिक रन बनाने वाले पोलॉक को खुशी है कि उनकी टीम टॉस हार गई क्योंकि उनकी टीम भी पहले बल्लेबाजी करना चाहती थी। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम खुश किस्मत थे कि हमने टॉस नहीं जीता क्योंकि हमारे खिलाड़ी भी पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। मुझे लगता है कि यह एक धीमी सतह थी, गेंद थोड़ी पुरानी हो गई थी जिससे रन बनाना थोड़ा और मुश्किल हो गया।

## रेजरपे पीओएस को आरबीआई से मिला 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' का लाइसेंस

नयी दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेजरपे की 'ऑफलाइन' भुगतान इकाई रेजरपे पीओएस को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में कार्य करने का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में बताया कि इस प्राधिकरण के साथ रेजरपे के पास अब आरबीआई के तीनों प्रमुख लाइसेंस, ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर, क्रॉस-बॉर्डर एग्रीगेटर (दिसंबर 2025 में प्राप्त) और ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर हैं। रेजरपे के प्रबंध निदेशक एवं सह-संस्थापक शशांक कुमार ने कहा, '' हमारे लिए नियमन कोई बाद में सोचने की चीज नहीं है, बल्कि यह हमारे काम करने के तरीके का मूल हिस्सा है। भारतीय रिजर्व बैंक से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' लाइसेंस मिलने से, कारोबारियों को उनके व्यापक विस्तार के दौरान नियामक अनुरूप 'इन-स्टोर' भुगतान समाधान देने की हमारी क्षमता और मजबूत हुई है।

## हमारी नीतियां व काम करने का तरीका दावोस में चर्चा का विषय: मोहन यादव

एजेंसी

दावोस। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य को निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बताते हुए कहा कि राज्य की नीतियां और काम करने का तरीका अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में यादव ने कहा कि सभी भारतीय नेता यहां एक ही उद्देश्य लेकर आए हैं कि 'भारत की वृद्धि की कहानी को सामने लाना, राज्यों में निवेश बढ़ाना, युवाओं को रोजगार प्रदान करना, गरीबी कम करना और संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए दुनिया के साथ जुड़ना है। उन्होंने कहा, ल्लभारत को अपनी आर्थिक साख मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यह एक बड़ा मंच है जहां दुनिया भर के विभिन्न निवेशक मिलते हैं और सभी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्ष में उनकी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और यह यात्रा भी उसी दिशा में है। निवेश संबंधी प्रतिबद्धताओं के बारे में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को इस वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना बड़ी बात है और उनके दल ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को स्पष्ट रूप से पेश किया है। यादव ने कहा, '' हमारी नीतियां और काम करने का तरीका ऐसा है कि इसने एक हलचल मचा दी है और हमें इसका फायदा मिल रहा है। राज्य के ''बिमारू'' तमगे से आगे बढ़ने की यात्रा के बारे में उन्होंने कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयास एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से संभव हुआ। उन्होंने कहा, '' जब देश आगे बढ़ रहा है, तो राज्य को भी प्रगति करनी चाहिए। हम इसी भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## डाक विभाग का लक्ष्य वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि करना: सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि डाक विभाग ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रखा है। डाक विभाग (डीओपी) की 2025-26 तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही समीक्षा के बाद मंत्री ने कहा कि छह में से पांच क्षेत्रों के राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई जबकि अमेरिकी सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण अंतरराष्ट्रीय डाक का राजस्व स्थिर रहा। सिंधिया ने कहा, '' 2025-26 के लिए हमारा लक्ष्य 17,546 करोड़ रुपये है जिसका मतलब है कि हम वित्त वर्ष 2024-25 के 13,240 करोड़ रुपये से एक ही वित्त वर्ष में राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2023-2024 में यह 12,800 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 13,240 करोड़ रुपये हुआ जो केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि है। सिंधिया ने कहा, इसलिए, 2023-2024 से 2024-25 की तुलना में वृद्धि दर मात्र तीन प्रतिशत है। इसे हम वित्त वर्ष 2025-26 में 10 गुना कर 30 प्रतिशत करने का इरादा रखते हैं। मंत्री ने कहा कि विभाग वर्तमान में सरकार के लिए एक व्यय केंद्र है और अगले चार से पांच वर्ष में लाभ केंद्र बनने का लक्ष्य रखता है।

## प्रौद्योगिकी एक सशक्त माध्यम, भविष्य की सफलता 'भरोसे' पर टिकी होगी: एआई पर नैसकॉम उपाध्यक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। नैसकॉम के सार्वजनिक नीति उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने कहा कि भारत अपनी बड़ी एवं विविध आबादी को देखते हुए 'डीपफ़ेक', डिजिटल धोखाधड़ी और उपयोगकर्ताओं को पेश होने वाली अन्य समस्याओं से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) के कामकाज को लेकर एक संतुलित एवं चरणबद्ध दृष्टिकोण अपना रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी उद्योग की भविष्य की सफलता की नींव, भरोसे पर ही टिकी होगी। प्रौद्योगिकी को एक बड़ा सशक्त माध्यम बताते हुए अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि एआई का उपयोग इसके कारण उत्पन्न होने वाली कई तरह की समस्याओं को कम करने और रोकने के लिए भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपयोगकर्ताओं को नुकसान के बाद प्रतिक्रिया देने वाले विनियमन के बजाय अब 'प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा सीमाएं' (टेक्नोलॉजी-लेड गार्डरेल्स) तय करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, '' हम 1.4 अरब से अधिक आबादी वाला देश हैं और हमारी जनसंख्या बेहद विविध एवं विषम है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि हमें बहुत सावधानी बरतनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि नागरिकों को कोई



नुकसान न पहुंचे। चाहे वह 'डीपफ़ेक' हों या अन्य समस्याएं जो लगातार तेजी से बढ़ रही हैं, खासतौर पर वित्तीय धोखाधड़ी एवं डिजिटल गिरफ्तारी जैसे मामले३। इसलिए इन सभी मुद्दों का प्रभावी ढंग से समाधान करना बेहद जरूरी है। उद्योग के नजरिये से भी यह बेहद अहम है क्योंकि भविष्य की किसी भी सफलता का आधार मजबूत भरोसा ही होगा। अग्रवाल ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रस्तावित एआई ढांचे एवं भारतीय रिजर्व बैंक के एआई अपनाने को बढ़ावा देने के समग्र दृष्टिकोण संबंधी रिपोर्ट सहित हालिया घटनाक्रमों का उल्लेख किया और एआई के कामकाज को लेकर सरकार के 'समग्र सरकारी दृष्टिकोण' (होल-ऑफ-गवर्नमेंट अप्रोच) की सराहना की। उन्होंने कहा, '' सरकार इस दिशा में काम कर रही है और व्यापक परामर्श हो रहा है। एक बुनियादी बदलाव यह है कि समस्याओं के पीछे भागने वाले नियम बनाने के बजाय अब ऐसे ढांचे विकसित हो रहे हैं जिनमें प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा सीमाएं तय की जा सकती हैं। ''

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# डिजिटल शिक्षा से आकार लेता उत्तर प्रदेश का भविष्य





उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाकर प्रत्येक बच्चे को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में आधुनिक कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक विद्यार्थियों को O-Level, CCC और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन व साइबर सुरक्षा जैसे भविष्यपरक विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 5,000 नए कंप्यूटर शिक्षकों की भर्ती और वर्चुअल शिक्षा की निरंतरता के साथ, उत्तर प्रदेश का युवा वर्ग डिजिटल दक्षता और नवाचार की दिशा में नए मुकाम हासिल कर रहा है।



"शिक्षा के आधार पर ही एक आदर्श समाज और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है। शिक्षा में संस्कार का विशेष महत्व है। जीवन में सफलता का मार्ग जहां से प्रारंभ हो सकता है, वही वास्तव में विद्या है"

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

"शिक्षा न केवल वह नींव है जिस पर हमारी सभ्यता का निर्माण हुआ है, बल्कि यह मानवता के भविष्य की वास्तुकार भी है"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## गुणवत्तायुक्त और नवोन्मेषी शिक्षा

- स्कूल चलो अभियान और शारदा प्रोग्राम (स्कूल आएं हर दिन) जैसे अभिनव प्रयासों से 40 लाख अतिरिक्त बच्चों का नामांकन। ड्रॉप आउट दर में उल्लेखनीय गिरावट
- शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 88,700 बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराया गया है
- आरटीई के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 22,040 बच्चे अध्ययनरत थे, 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 4 लाख 30 हजार से अधिक थी, वहीं 2025-26 में यह संख्या लगभग 1 लाख 41 हजार हो गयी है
- ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं का हो रहा संतृप्तीकरण
- 25790 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज, 880 ब्लॉक रिसोर्स सेंटर्स एवं 5817 विद्यालयों में ICT लैब्स तथा शिक्षकों के उपयोगार्थ 2.61 लाख से अधिक टैबलेट की उपलब्धता को सुनिश्चित करा कर डिजिटल शिक्षा को आगे बढ़ाया जा रहा है
- कमजोर वर्ग की बालिकाओं को कक्षा 12 तक नि:शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराते हुए समस्त 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को उच्चीकृत किया गया
- गोरखपुर में पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल का संचालन
- 18 मण्डलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन
- पी.एम. श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों का उच्चीकरण करते हुए ग्रीन विद्यालय के रूप में विकसित करने का निर्णय
- प्री-प्राइमरी एवं कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के 377 परिषदीय विद्यालयों को मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जा रहा है
- प्रदेश में लगभग ₹4500 करोड़ की बजटीय व्यवस्था के साथ, प्रत्येक जनपद में 2-2 विद्यालयों के लक्ष्य के अंतर्गत कुल 150 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जा रही है, जिनमें 1500 छात्र क्षमता के साथ प्री प्राइमरी से कक्षा-12 तक की शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी



## डिजिटल सशक्तीकरण

- स्नातक छात्रों को मोबाइल/टैबलेट प्रदान कर डिजिटल शिक्षा से जोड़ा जा रहा है
- समर्थ/सामर्थ (इरप) (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) प्रणाली से प्रवेश, पदोन्नति, एनओसी व शिक्षकों की सेवाओं का डिजिटलीकरण
- 41.7 लाख छात्रों का अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में पंजीकरण
- सरकारी डिग्री कॉलेजों की लाइब्रेरी को शैक्षणिक सामग्री से युक्त प्री-लोडेड टैबलेट से युक्त कर डिजिटल शिक्षा को दिया जा रहा बढ़ावा
- ई-कॉन्टेंट स्टूडियो, ई-सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम और ई-लाइब्रेरी की स्थापना
- पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पेपर लेस क्लासरूम की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है
- सभी विश्वविद्यालयों, राजकीय अनुदानित महाविद्यालयों तथा अधिकांश स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना



## उच्च शिक्षा की नई दिशा

- 2021-22 से उत्तर प्रदेश ने एनईपी - 2020 के कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाई
- सीबीसीएस, बहु-विषयक शिक्षा, प्रवेश-निकास विकल्प और विषय चयन में लचीलापन लागू किया गया
- भारतीय ज्ञान परंपरा, मूल्य आधारित शिक्षा और शोध-आधारित स्नातक कार्यक्रमों को दिया जा रहा बढ़ावा
- सभी एचईआईएस में एकरूप शैक्षणिक कैलेंडर किया गया है लागू
- ऑनलाइन क्रेडिट के माध्यम से 2 वर्षों में 3 वर्षीय डिग्री पूरी करने की सुविधा की गई प्रदान
- युवाओं को कौशल आधारित रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर

## माध्यमिक शिक्षा का सशक्तीकरण

- अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कुल 34,074 शिक्षकों का चयन
- शिक्षकों के 7,540 नवीन पदों का सृजन
- सेवा निवृत्त शिक्षकों के पूल से रिक्त पदों पर मानदेय के आधार पर सत्र के अंत तक शिक्षण व्यवस्था, राजकीय 780, सहायता प्राप्त 3222, सहायता प्राप्त संस्कृत 419 रिक्तियों के सापेक्ष अधियाचन प्रेषित
- योग्य शिक्षकों का लिखित परीक्षा के आधार पर चयन
- लोक सेवा आयोग द्वारा 6,808 सहायक अध्यापक चयनित, 1,939 प्रवक्ता एवं 219 प्रधानाचार्यों सहित कुल 8,966 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र/पदस्थापन



## रोजगार उन्मुख उच्च शिक्षा

- सीमैप्स-एचई : अंतिम वर्ष के छात्रों को ₹100 करोड़ बजट के साथ भुगतानित इंटर्नशिप
- एईडीपी योजना: स्नातक के दौरान एक वर्षीय अप्रेंटिसशिप
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की कार्य योजना विकसित करने में अग्रणी है उत्तर प्रदेश
- एक मण्डल-एक राज्य विश्वविद्यालय की परिकल्पना हुई साकार
- शिक्षा के क्षेत्र में घरेलू/विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिये उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 को लागू किया गया
- एन.सी.सी. प्रशिक्षण अकादमी का जनपद गोरखपुर में निर्माण प्रारंभ
- कौशल पाठ्यक्रम अनिवार्य किए गए, जिसमें 23.9 लाख स्नातक छात्रों ने 760 से अधिक ट्रेड्स में कौशल आधारित शिक्षा दी गयी
- शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता के लिये उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज का किया गया है गठन

ADVERTORIAL